तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 21.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026



तोरवा मेनरोड में सालभर पहले बनाए गए डिवाइडर को तोड़कर फिर से बनाया जा रहा।



## खबर संक्षेप

### सोनाने बांगो व नेताम हसदेव के मुख्य अभियंता

**बिलासपुर।** राज्य शासन द्वारा शंकरराव सोनाने को जल संसाधन विभाग मिनीमाता हसदेव बांगो एवं जितेंद्र कुमार नेताम को मुख्य अभियंता हसदेव कछार परियोजना बिलासपुर के मुख्य अभियंता पद की कमान सौंपी गई है। श्री सोनाने एवं श्री नेताम वर्तमान में अपनी-अपनी इन्हीं परियोजनाओं में प्रभारी मुख्य अभियंता के रूप में बिलासपुर में ही पदस्थ थे। शासन द्वारा सोमवार को जारी आदेश के अंतर्गत मक्सी कुजूर को मुख्य अभियंता महानदी परियोजना रायपुर, एलेक्जेंडर ग्राहम को मुख्य अभियंता गोदावरी कछार जगदलपुर, अनिल कुमार खलको को मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार अंबिकापुर एवं सतीश कुमार टीकम को मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार रायपुर के रूप में पदस्थ किया गया है।

### संस्कृत भारती के पुजारी आएंगे कल

**बिलासपुर।** संस्कृत भारती के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख देव पुजारी 8 अप्रैल को बिलासपुर आएंगे। इस दौरान वे संस्कृत अनुरागी, समाज सेवी एवं प्रबुद्धजनों के साथ भेंट करेंगे। जिला संयोजक डा. मनीराम कौशिक ने बताया कि इसी दिन शाम 5 बजे से 7 बजे तक गोष्ठी समाज में संस्कृत की आवश्यकता विषय को संबोधित करेंगे। श्री कौशिक ने बताया कि यह कार्यक्रम संजीवनी हास्पिटल वेयर हाउस रोड आडिटोरियम में होगा। उन्होंने संस्कृत प्रेमियों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### श्री योग वेदांत सेवा समिति का सत्संग दिवस कल

**बिलासपुर।** श्री योग वेदांत सेवा समिति का सत्संग दिवस 8 अप्रैल को सुबह 9 बजे से सेंदरी आश्रम में मनाया जाएगा। राम अवतार साहू ने बताया कि इसमें हवन यज्ञ, भजन कीर्तन दीप प्रज्वलन एवं महाआरती दोपहर 12.30 बजे होगी। तत्पश्चात भोजन प्रसादी उपरांत कार्यक्रम का समापन होगा। इससे पहले सुबह 11 बजे देवकीनंदन चौक पर निःशुल्क शरबत एवं सत्साहित्य वितरण भी किया जाएगा।

### श्रीवास समाज का आदर्श सामूहिक विवाह 20 को

**बिलासपुर।** देशहा श्रीवास समाज बिलासपुर संभाग द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन 20 अप्रैल को श्रीवास भवन सेन मार्ग बाईपास रोड मंगला में किया जाएगा। सामूहिक विवाह के लिए सामाजिक योग्य युवक युवती जो शादी करना चाहते या परिजन जिन्हें अपने रिश्तेदारों का शादी करवाना हैं वे 10 अप्रैल शाम 6 बजे तक अनिवार्य रूप से निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन समाज के पदाधिकारियों को दे सकते हैं। आवेदन के साथ वर वधु का नवीनतम दो दो फोटो, आधारकार्ड का फोटोकॉपी के साथ सम्पर्क कर सकते हैं। पंजीयन निःशुल्क है। 10 तारीख के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। पंजीयन के लिए सुरेंद्र श्रीवास, लक्ष्मी श्रीवास, चंद्रमणि श्रीवास, सुमित श्रीवास, संतोष श्रीवास, बसंत श्रीवास से संपर्क कर सकते हैं।

### नामदेव समाज विकास समिति की बैठक 14 को

**बिलासपुर।** नामदेव समाज विकास समिति निर्वाचन के लिए आमसभा की बैठक 14 को अप्रैल मंगलवार को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजकुमार चौधरी ने बताया कि नामदेव समाज विकास समिति के वर्ष 2026-28 के लिए समिति के पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची जारी की जा चुकी है। समिति के सभी पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया 14 अप्रैल मंगलवार को वार्षिक आमसभा की बैठक होगी।

# बुजुर्गों और बच्चों के लिए लाइब्रेरी फाइलों में ही हो गई बंद, सीएसआर मद से 6 करोड़ की राशि नहीं हो सकी स्वीकृत, जमीन भी नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के बीचों-बीच बुजुर्गों और बच्चों के लिए बनने वाली लाइब्रेरी का मामला फाइलों में ही दबकर दम तोड़ चुका है। यह लाइब्रेरी सिटी कोतवाली के सामने पशु औषधालय की जमीन पर बनाई जानी थी। इसके लिए टेंडर तो कर कर दिया गया था लेकिन एसईसीएल ने सीएसआर मद से 6 करोड़ की राशि स्वीकृत नहीं की। इससे योजना को फिलहाल बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही इस प्रोजेक्ट को स्मार्ट सिटी नहीं बल्कि हाउसिंग बोर्ड बनाने वाला था। हाउसिंग बोर्ड की ओर से वेटनरी डिपार्टमेंट को पत्र लिखते हुए जगह पर काम करने की अनुमति मांगी गई थी जिसे पशु चिकित्सा विभाग ने स्वीकार नहीं किया। पशु विभाग का कहना है कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इस जमीन का उपयोग दूसरे कामों के लिए दिया जा सकता है। दरअसल यह जमीन वेटनरी डिपार्टमेंट की ही है। गौरतलब है कि योजना के तहत शहर के एकमात्र और पुराने शासकीय पशु औषधालय का उन्नयन भी किया जाना था। अभी पशु औषधालय में बेहतर सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। इसे बेहतर बनाया जाना था जैसे कि डाक्टरों के बैठने और इलाज के लिए कैबिन समेत इलेक्ट्रिफिकेशन,पानी की सुविधा समेत अन्य आवश्यक कार्य किए जाने थे।

अलग खबर

■ स्मार्ट सिटी के साथ मिलकर हाउसिंग बोर्ड ने बनाया था प्रोजेक्ट



■ वेटनरी डिपार्टमेंट ने हाउसिंग बोर्ड के एनओसी को स्वीकार नहीं किया



### 300 कुर्सी क्षमता की लाइब्रेरी बनाने की योजना

अधिकारियों के मुताबिक इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए सीएसआर मद से 5 करोड़ 78 लाख की मांग की गई थी। इसके लिए पशु औषधालय के पीछे 300 कुर्सी क्षमता की लाइब्रेरी बनाने की तैयारी थी। लाइब्रेरी बिल्डिंग दो मंजिला बनाई जानी थी। इसमें ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर की योजना थी। जहां बैठने के लिए कुर्सी टेबल, एसी,बाथरूम समेत सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद होनी थी। लाइब्रेरी बिल्डिंग में रैन हार्वेस्टिंग और फायर फाइटिंग सिस्टम भी इंस्टाल करने की योजना थी। फिलहाल लेकिन योजना स्वीकृत नहीं हो सकी है।

### वरिष्ठ नागरिक व बच्चों के लिए पहली लाइब्रेरी

हालांकि इस लाइब्रेरी की जरूरत शहर में है। यह शहर की पहली ऐसी लाइब्रेरी होती जो छोटे बच्चों और बुजुर्गों को समर्पित होती। इस तरह की लाइब्रेरी की जरूरत काफी दिनों से महसूस की जा रही थी,जहां वरिष्ठ नागरिक समय व्यतीत कर सकें। दरअसल अपने कार्यों से निवृत्त हो चुकें वरिष्ठ नागरिकों के लिए शहर के उद्यानों के अलावा ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां वें मेल मिलाप कर सकें और पठन पाठन कर पाएं। इस लाइब्रेरी के निर्माण के बाद बुजुर्ग यहां बैठकर न्यूज पेपर, पुस्तकों का अध्ययन कर सकेंगे। लाइब्रेरी में छोटे बच्चों के लिए ऐसा डिजाइन तैयार किया गया था जहां बच्चों को पढ़ाई और अन्य चीजों के लिए प्रेरणा मिल सके। इसके अलावा स्पोर्ट्स मटेरियल भी लाइब्रेरी में रखे जाने की योजना थी जिससे बच्चे खेल के माध्यम से पढ़ और सीख सकें।

### किड्स प्ले एरिया और कैफे की योजना भी बंद

लाइब्रेरी में बच्चों के लिए किड्स प्ले एरिया भी बनाया जाना था जहां आकर्षक चित्रकारी,खेल-कूद का साधन रहना था। यहां बच्चे खेल कूद कर सकेंगे और उसके साथ पढ़ाई और अन्य गतिविधियां भी हो सके। लाइब्रेरी में कैफे भी होना था,जहां चाय-काफी के अलावा हेल्दी फूड उपलब्ध रहता। पार्किंग की भी पूरी व्यवस्था और प्रोजेक्ट बनाया गया था लेकिन सब फिलहाल बंद कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि युवाओं के लिए सेंट्रल लाइब्रेरी की सौगात देने के बाद बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से शहर के बीचों बीच हृदय स्थल सिटी कोतवाली के पास एक और सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी बनाने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए टेंडर किया गया था। बाद में इस प्रोजेक्ट को हाउसिंग बोर्ड ने अपने हाथ में ले लिया था। हाउसिंग बोर्ड द्वारा ही निर्माण के साथ ही पूरी व्यवस्था की जानी थी। हाउसिंग बोर्ड ने वेटनरी डिपार्टमेंट से जमीन मांगी थी जिससे इंकार कर दिया गया है। ध्यान रहे कि इस लाइब्रेरी की खासियत थी कि यह छोटे बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाई जा रही थी। जहां बच्चे खेल और मनोरंजन के माध्यम से पढ़ाई और अतिरिक्त पाठ्येत्तर गतिविधियां सीखेंगे तो वहीं वरिष्ठ नागरिक क्वालिटी टाइम व्यतीत कर सकेंगे। लाइब्रेरी में बुजुर्गों के लिए पुस्तकें,न्यूज पेपर,काफी टेबल बुक जैसी सुविधाएं मिलेगी। बच्चों के लिए भी पुस्तक और अन्य सुविधाएं मौजूद रहेगी।

### योजना फिलहाल बंद है

एसईसीएल ने सीएसआरमद से 6 करोड़ की राशि स्वीकृत नहीं की। इससे योजना को फिलहाल बंद कर दिया गया है। हाउसिंग बोर्ड की ओर से वेटनरी डिपार्टमेंट को पत्र लिखते हुए जगह पर काम करने की अनुमति मांगी गई थी जिसे पशु चिकित्सा विभाग ने स्वीकार नहीं किया है।

**- एसपी साहू,** जीएम, स्मार्ट सिटी लिमिटेड बिलासपुर

2885 मीटर रन-वे, 400 यात्रियों का टर्मिनल, नया एटीसी टावर बनाने में खर्च होंगे 500 करोड़

# 4 सी एयरपोर्ट बनाने का रास्ता साफ, रक्षा मंत्रालय से वापस मिली 290 एकड़ जमीन



कलेक्टर को दस्तावेज सौंपते भारतीय सेना के अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा देवी केंवट हवाई अड्डे चकरभाठा को अंतरराष्ट्रीय स्तर के एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की दिशा में सोमवार को एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई। जिला प्रशासन को 290.8 एकड़ सैन्य भूमि का विधिवत हस्तांतरण किया गया, जिससे एयरपोर्ट विस्तार और 4सी श्रेणी उन्नयन का मार्ग पूरी तरह प्रशस्त हो गया। अब 2885 मी रनवे 400 यात्रियों का टर्मिनल और नया एटीसी टावर बनाने में लगभग 500 करोड़ रुपए खर्च होने की बात कही जा रही है।

शहर के बहुप्रतीक्षित एयरपोर्ट विस्तार प्रोजेक्ट को आज निर्णायक गति मिली, जब भारतीय सेना और रक्षा संपदा कार्यालय (डीईओ) जबलपुर के अधिकारियों द्वारा 290.8 एकड़ भूमि का औपचारिक हस्तांतरण जिला प्रशासन को किया गया। यह प्रक्रिया कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुई। भूमि हस्तांतरण के दौरान सैन्य अधिकारियों एवं डीईओ जबलपुर के प्रतिनिधियों ने स्वामित्व संबंधी आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर भूमि को प्रशासन को सौंपा। इस महत्वपूर्ण कदम के साथ अब एयरपोर्ट के लिए उपलब्ध कुल भूमि 646.8 एकड़ हो गई है, जो इसके व्यापक विस्तार के लिए पर्याप्त मानी जा रही है।



### बड़े विमानों की आवाजाही संभव होगी

इस अतिरिक्त भूमि के मिलने से रनवे विस्तार और एयरपोर्ट को 4सी श्रेणी में अपग्रेड करने की दिशा में आ रही तकनीकी अड़चनें पूरी तरह समाप्त हो गई हैं। 4सी श्रेणी का उन्नयन होने से बड़े विमानों की आवाजाही संभव होगी, जिससे बिलासपुर को देश के प्रमुख शहरों के साथ बेहतर हवाई कनेक्टिविटी मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर भारतीय सेना के कर्नल ए. मजूमदार, कर्नल दिनेश पट्टाभि, लेफ्टिनेंट कर्नल नीरज सिंह, रक्षा संपदा अधिकारी (डीईओ) जबलपुर के मोहम्मद शाद आलम तथा एयरपोर्ट डायरेक्टर एन. वीरेन सिंह, एडीएम ज्योति पटेल, एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बातचीत जारी है, इसे शीघ्र ही हल कर लेंगे

इस पर राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अतिरिक्त महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने कहा कि इस मसले पर बातचीत जारी है और इसे शीघ्र ही हल किया जाएगा। खंडपीठ ने इस मामले को भी शपथ पत्र में शामिल करने के निर्देश दिए। केंद्र सरकार की ओर से उपस्थित अप सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने जानकारी दी कि सेना के अधिकारियों की टीम बिलासपुर में है और वह जमीन ट्रांसफर की औपचारिकता पूरी कर रही है। इन सभी बातों को रिकॉर्ड में लेने के बाद हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई 17 अप्रैल के लिए निर्धारित की है।

### नाइट लैंडिंग लाइसेंस मिलने के बाद भी उड़ाने नहीं

दूसरी ओर हाईकोर्ट में सोमवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की खंडपीठ में बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार से जुड़ी जनहित याचिकाओं की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने बिलासपुर एयरपोर्ट कार्य प्रगति पर नया शपथ पत्र मांगा और साथ ही उड़ानों की संख्या बढ़ाने के लिए एलाइंस एयर के अलावा अन्य एयरलाइंस को आमंत्रित करने के बारे में क्या स्थिति है इसे भी शपथ पत्र के माध्यम से अवगत कराने के निर्देश दिए। खंडपीठ के सामने 6 फरवरी को नाइट लैंडिंग लाइसेंस मिलने के बावजूद अब तक इस समय कोई उड़ान के प्रारंभ ना होने के मसले को याचिकाकर्ताओं ने उठाया। अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव और सुदीप श्रीवास्तव ने बताया कि जो एयरलाइन उड़ाने संचालित कर रही है उसने तकनीकी कारण बताकर अपनी सहमति नहीं दी है।

# 11 से थम जाएंगे 10 ट्रेनों के पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंडल के जांजगीर से नैला के बीच चौथी लाइन को जोड़ने का काम किया जाएगा, जो 11 से 27 अप्रैल तक होगा। इस दौरान बिलासपुर से रायगढ़ के बीच चलने वाली कुछ एक्सप्रेस और लोकल पैसेंजर सहित 10 ट्रेनों के पहियों को 15 दिन तक रोकने का नोटिफिकेश जारी किया गया है।

हावड़ा से मुम्बई के बीच मेन लाइन पर बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य चौथी लाइन और अन्य अधोसंरचना का कार्य किया जा रहा है। करीब 206 किमी की चौथी लाइन के तहत कोतरलिया–जामगा 8 किमी, भूपदेवपुर–किरोड़ीमल नगर 8.70 किमी, किरोड़ीमल नगर–रायगढ़ 10.27 किमी, रायगढ़–कोतरलिया 9 किमी, सारागांव–बाराद्वार 7 किमी, बाराद्वार–सक्ती 13 किमी की कमीशनिंग कर दी गई है। इसके साथ ही कई स्टेशनों को चौथी लाइन से भी जोड़ दिया गया है। इस कार्य के दौरान अब तक 600 से अधिक एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और लोकल ट्रेनों को रद्द किया जा चुका है। अब रेल प्रशासन ने बिलासपुर रेल मंडल के जांजगीर-नैला स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी एवं आटो सिग्नलिंग कार्य के लिए प्री नॉन और नान इंटरलाकिंग का कार्य करने का निर्णय लिया है। जिसे 11 अप्रैल से शुरु किया जाएगा। इसके तहत करीब 10 ट्रेनों को रद्द करने के साथ 16 से 27 अप्रैल तक गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त कर बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच रद्द करने और झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर को बिलासपुर स्टेशन से शुरु करते हुए झारसुगुड़ा-बिलासपुर के बीच रद्द करने का निर्णय लिया है। वहीं विशेष प्रबंध के तहत 18250/18249 और 18252/18251 कोरबा से रायपुर और रायपुर से कोरबा के बीच चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस को 16 से 27 अप्रैल तक कोरबा से बिलासपुर के बीच पैसेंजर बनाकर चलाने का आदेश दिया है।



### रद्द होने वाली ट्रेनें

- 16 से 27 अप्रैल तक 68738/68737 बिलासपुर-रायगढ़ और रायगढ़-बिलासपुर मेमू।
- 16 से 27 अप्रैल तक 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर।
- 15 से 26 अप्रैल तक 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर।
- 15 से 26 अप्रैल तक 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर।
- 16 से 27 अप्रैल तक 68745 गेवरारोड-रायपुर मेमू पैसेंजर।
- 16 से 27 अप्रैल तक 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर।
- 15 से 26 अप्रैल तक 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर।
- 16 से 27 अप्रैल तक 68734/68733 बिलासपुर-गेवरारोड और गेवरारोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर।
- 16 से 27 अप्रैल तक 68732/68731 बिलासपुर-कोरबा और कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर।
- 11 से 25 अप्रैल तक 58210 बिलासपुर-गेवरारोड पैसेंजर।

बर्ड फ्लू से आसपास के लोगों पर हुए प्रभाव का पता लगाएगी टीम

# शहर पहुंची एम्स की टीम, पोल्ट्री का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंट्रल मिनिस्ट्री एवं केंद्रीय पशुपालन विभाग के निर्देशानुसार एम्स रायपुर की चार सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम विशेष जांच के लिए सोमवार को शहर पहुंची है। टीम के शहर आने का एकमात्र उद्देश्य बर्ड फ्लू से यहां के निवासियों को आई स्वास्थ्यगत परेशानियों का पता लगाना है। सोमवार को टीम ने प्रक्षेत्र के भीतर ड्यूटीरत सारे कर्मचारियों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

■ तीन दिन यहीं रहेंगे अधिकारी

कोनी स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू का संक्रमण फैलने के बाद इस बीमारी का मनुष्यों पर होने वाले दुष्प्रभाव की जांच करने एम्स रायपुर से विशेषज्ञों की चार सदस्यीय टीम शासकीय पोल्ट्री फार्म पहुंची। ज्ञात हो कि एम्स रायपुर की टीम सेंट्रल मिनस्ट्री के निर्देशानुसार यहां जांच के लिए पहुंची है। बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा 21 दिनों के प्रोटोकॉल के अनुसार चिकन, चूजे व अंडों की बिक्री पर तो पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन अब विशेषज्ञों की टीम के यहां आने का एकमात्र मकसद बर्ड फ्लू से मनुष्यों को होने वाले संभावित नुकसान का भी पता लगाना है। टीम ने सोमवार को कोनी स्थित प्रक्षेत्र के भीतर का जायजा लिया। इस दौरान टीम के द्वारा न केवल कार्यरत कर्मचारियों से उनके स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई, बल्कि प्रक्षेत्र के बाहर भी पतासाजी की जाती रही।



शासकीय पोल्ट्री से एक किलोमीटर के दायरे वाले मुर्गे, मुर्गियां, चूजे-अंडे सबको नष्ट किया जाएगा

बिलासपुर में बर्ड फ्लू की पुष्टि, 10 किमी क्षेत्र हाई अलर्ट पर

संक्रमण फैलने से रोकने सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें - कलेक्टर

हरिभूमि में 25 मार्च को प्रकाशित खबर।

### आज आसपास के गांव का करेंगे दौरा

एम्स की टीम का उद्देश्य बर्ड फ्लू का मानव पर होने वाले संभावित असर का पता लगाने का है। प्रक्षेत्र के भीतर तो टीम ने कर्मचारियों से बातचीत करके उनके स्वास्थ्य की जानकारी ले ली, लेकिन अब टीम कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र के दस किलोमीटर के दायरे में बसे गांवों में भी सर्वे कर ग्रामीणों पर बर्ड फ्लू के प्रभावों का पता लगाएगी। टीम के द्वारा मंगलवार को खैरा, नगोई, अकलतरी सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों से न केवल बातचीत, बल्कि आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य की जांच भी की जाएगी।

### चार सदस्यीय टीम पहुंची है

सेंट्रल मिनिस्ट्री एवं पशुपालन विभाग के निर्देशानुसार एम्स रायपुर से विशेषज्ञों की चार सदस्यीय टीम शहर पहुंची है। टीम ने सोमवार को कोनी स्थित शासकीय पोल्ट्री में कर्मचारियों से स्वास्थ्यगत जानकारी ली है। टीम मंगलवार को आसपास के गांवों में जाकर ग्रामीणों से चर्चा कर आवश्यकतानुसार उनका स्वास्थ्य परीक्षण करेगी।

**- डॉ. जीएस तंवर,** संयुक्त संचालक, पशुपालन विभाग

# पेयजल संकट से निपटने नलकूप खनन पर जून तक रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में गिरते भू-जल स्तर और संभावित पेयजल संकट को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए नए नलकूप एवं ट्यूबवेल खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध 6 अप्रैल से 30 जून तक प्रभावी रहेगा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में नए नलकूप- ट्यूबवेल खनन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाता है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह निर्णय लिया गया है, जिसमें बताया गया है कि भू-जल स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। इस स्थिति को नियंत्रित करने तथा पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा-3 के तहत यह आदेश जारी किया गया है। आदेश के तहत बिलासपुर जिले के विकासखंड बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर एवं कोटा को 6 अप्रैल से 30 जून 2026 तक जलाभावग्रस्त क्षेत्र घोषित



किया गया है। इस अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति या संस्था नए नलकूप खनन नहीं कर सकेगी। हालांकि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं नगर पंचायतों जैसी शासकीय एजेंसियों को केवल पेयजल आपूर्ति के लिए आवश्यकता अनुसार नलकूप खनन की अनुमति दी गई है। इसके लिए उन्हें पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन संबंधित कार्यों की जानकारी अधिकृत अधिकारियों को देना होगा। इसके लिए नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिलासपुर, बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर एवं कोटा को अधिकृत किया गया है। ये अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप अनुमति देने की प्रक्रिया सुनिश्चित करेंगे।

# स्वास्थ्य के लिए साथ आएं, विज्ञान के साथ

WORLD HEALTH DAY




## छत्तीसगढ़ के संदर्भ में स्वास्थ्य का नया दृष्टिकोण

**स्वास्थ्य केवल बीमारी का अभाव नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहने की स्थिति है। प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यही संदेश देता है कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। वर्ष 2026 में इसका नारा—स्वास्थ्य के लिए साथ आएं, विज्ञान के साथ खड़े रहें,आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है, विशेषकर छत्तीसगढ़ जैसे राज्य के लिए, जहां भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक विविधताओं के कारण स्वास्थ्य सेवाओं के सामने कई विशिष्ट चुनौतियाँ मौजूद हैं।**

**छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य स्थिति: अवसर और चुनौतियाँ** छत्तीसगढ़ एक आदिवासी बहुल राज्य है, जहां बड़ी आबादी ग्रामीण और दूरस्थ वन क्षेत्रों में निवास करती है। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच आज भी सीमित है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं-जैसे नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, जिला अस्पतालों का उन्नयन, और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का विस्तार।इसके बाद भी, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर, कुपोषण, संक्रामक रोग (जैसे मलेरिया, टीबी), और अब तेजी से बढ़ती गैर-संचारी बीमारियाँ (डायबिटीज, हाइपरटेंशन, कैंसर) प्रमुख चिंताएँ बनी हुई हैं। ऐसे में "विज्ञान के साथ खड़े रहने" का संदेश केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक अनिवार्यता है।यहाँ स्वास्थ्य सुधार केवल अस्पतालों और डॉक्टरों की जिम्मेदारी नहीं हो सकती। इसके लिए आवश्यक है कि ग्राम स्तर पर मितानिन या आशा कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका की आवश्यकता है। पंचायतों और स्थानीय निकायों की भागीदारी ली जानी चाहिए। स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से जनसहयोग से जागरूकता लाने की दिशा में लोगों को सामने आना होगा । कुछ राज्यों में स्वयंसेवी संस्थाओं और समाजसेवियों के सहयोग से अच्छे परिणाम आए हैं । छत्तीसगढ़ में मितानिन कार्यक्रम एक सफल मॉडल रहा है, जिसने ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच बढ़ाई है। यदि इस मॉडल को और अधिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण और डिजिटल तकनीकों से जोड़ा जाए, तो यह स्वास्थ्य क्रांति का आधार बन सकता है। विज्ञान के साथ खड़े रहने की आवश्यकता क्यों जरूरी है क्योंकि थीम का दूसरा भाग'विज्ञान के साथ खड़े रहें' आज के युग में विशेष महत्व रखता है। कोविड-19 महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही हमें बड़े स्वास्थ्य संकटों से बचा सकता है।छत्तीसगढ़ में भी कई बार देखा गया है कि लोग झाड़-फूंक या अप्रमाणित झोला छाप उपचारों पर निर्भर रहते हैं । डायबिटीज या ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों का समय पर परीक्षण नहीं कराए जाने से इन बीमारियों के सामान्य लक्षण प्रारम्भ में मरीजों को पता नहीं चलते है। डाइबिटीस के मरीज अब इतने बढ़ चुके हैं कि अस्पताल के ओपीडी में आने वाले प्रत्येक दस विभिन्न बीमारी के मरीजों में से औसतन एक-दो मरीज डाइबिटीज का होता है। इसलिए देशभर में डाइबिटीज़, ब्लड प्रेशर, मोटापा, थाइराइड व कैंसर के मरीज बढ़ने से रोकने के लिए गैर संचारी बीमारियों की जल्दी पहचान कर उनके रोकथाम के उपाय करना जरूरी है। आने वाले वर्षों में ये बीमारियां देश की आर्थिक व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव देंगी । ये सभी लाइफ स्टाइल डिसऑर्डर कहलाती हैं जिसे जीवन शैली में परिवर्तन करके भी बहुत हद तक सुधारा जा सकता है।इसमे 30-35 वर्ष के ऊपर के लोगों का शुगर, ब्लड प्रेशर, लिवर-किडनी के टेस्ट, ईसीजी, सोनोग्राफी और कैंसर स्क्रीनिंग जैसी जांचों को नियमित रूप से करवाने के लिए लिए प्रेरित किया जाना चाहिए । इसके अलावा डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड और टेलीमेडिसिन को प्रोत्साहित किया जाए , जिससे लोगों को अपनी हेल्थ रिपोर्ट के साथ साथ अपने स्वास्थ्य के विषय में जागरूक रहना सीखना होगा । गैर-संचारी रोगों की बढ़ती संख्या आज हमारे लिए एक बड़ी चुनौती बन रही है। छत्तीसगढ़ में अब स्वास्थ्य का स्वरूप बदल रहा है। पहले जहां संक्रामक रोग प्रमुख थे, वहीं अब डायबिटीज, हृदय रोग, कैंसर और किडनी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। इस संदर्भ में राज्य के सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। जिनमें डायबिटीज स्क्रीनिंग यूनिट, वेलनेश क्लिनिक, रेटिनोपैथी के लिए रेटिना जांच , वेस्कुलर डॉप्लर और ऐबीआई टेस्ट, ब्रैस्ट, सर्वाइकल कैंसर की प्रारंभिक पहचान , ट्यूमर मार्कर जैसे टेस्ट की उपलब्धता गुणवत्तापूर्ण विधियों के होना चाहिए। इस दिशा में सरकार और अस्पताल को नीतियां बनाया जाना चाहिए। ये सभी पहल 'विज्ञान के साथ होने' का वास्तविक उदाहरण है। जिसमे आधुनिकता और आवश्यकता के अनुसार व्यवस्था किया जाना अत्यंत उपयोगी साबित होगा । जिन देशों ने गैर संचारी बीमारियों के रोकथाम में अर्ली डिटेक्सन की पद्धति अपनायी है उन देशों में सार्थक परिणाम मिला है।

### छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव आ सकता है..

- हॉस्पिटल और एनएबीएल कम्पैटिबल लैब सॉफ्टवेयरमशीनों का ऑटोमेशन एवं इंटरफेसिंग करटेली-रेडियोलॉजी और टेली-पैथोलॉजी के साथ साथ स्टेंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बनाकर राज्य भर के अस्पताल, डायग्नोस्टिक व पैथोलोजी लैब सर्विस को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण बनाना चाहिए । आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस आधारित डायग्नोस्टिक लैब सिस्टम तैयार करने से, न केवल समय की बचत होगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।
- पोषण और जनस्वास्थ्य एक आधारभूत स्तंभ है।कुपोषण छत्तीसगढ़ की एक प्रमुख समस्या है। आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रोटीन युक्त भोजन की गुणवत्ता के साथ साथ एनीमिया के लिए स्थानीय भोज्य पदार्थों की जानकारी देकर उसके उपयोगिता को बढ़ावा देना चाहिए। महिलाओं में एनीमिया सर्वाधिक है । इस क्षेत्र में समाज सेवी संस्थाओं को काम करना चाहिए। जिसके लिए आंगनबाड़ी सेवाओं को सशक्त करना,पोषण आहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करना, सामुदायिक निगरानी के लिए स्थानीय टीम द्वारा किया जाना चाहिए । स्वास्थ्य शिक्षा और जागरूकता अभियान के तहत समाजिक स्तर पर समाज सेवी संस्थाओं को किया जाना चाहिए ।
- राज्य में स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ाया जाना चाहिए जिसके लिएस्कूल हेल्थ प्रोग्राम, ग्राम सभाओं में स्वास्थ्य चर्चा एवं इसका सोशल मीडिया और रेडियो का उपयोग कर राज्य व केंद्र सरकार और संस्थानों की भूमिका विभिन्न जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने का प्रयास किया जा रहा है । यह सार्थक प्रयास है इसमें स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओं को अधिक सार्थक बनाने कार्य करना चाहिए। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों को अस्पतालों में रिसर्च को बढ़ावा देना चाहिए एवं नई तकनीकों को अपनाने के लिए शासन स्त्रबपर आर्थिक सुविधाएं बढ़ाना चाहिए। आज स्वास्थ्य को केवल मानव तक सीमित नहीं रखा जा सकता। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण के अनुसार मानव स्वास्थ्य के अलावा पशु स्वास्थ्य, पर्यावरण पर भी ध्यान देना बहुत आवश्यक है । ये तीनों एक-दूसरे से जुड़े हैं। इसके लिए सब को जुटकर काम करने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ जैसे वनसमृद्ध राज्य में यह दृष्टिकोण और भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

**डॉ. भानु प्रताप सिंह**
डायरेक्टर प्रोफेसर, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट,
सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

















आयोजन

## दिव्यांग बच्चों ने डांस, तबला वादन में दिखाई प्रतिभा, किया पुरस्कृत



**बिलासपुर।** सहारा इवेंट्स टीम ने सोमवार को एक टैलेंट शो का आयोजन किया। इसमें 55 दिव्यांग बच्चों ने भाग लेकर डांस, गीत-संगीत की प्रस्तुति दी। तबला वादन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथि राजू अग्रवाल विकलांग चेतना परिषद, किरण सिंह चावला, किरण सिंह, रोहन शाह, समाजसेवी चंचल सलूजा, राजू सुल्तानिया, मदन मोहन अग्रवाल, सोनिया साहू ने दीप प्रज्ज्वलित किया। ज्ञानदीप स्पर्श कन्या शाला की दृष्टिहीन बालिकाओं ने सरस्वती वंदना एवं अल्प दृष्टि बाधित कु. प्रिंसी सिदार, दीक्षा खांडे, काव्या जैसवानी, मूकबधिर शुभेंदु चंद्र शाहा, डाउन सिंड्रोम सुमी ठाकुर और गार्गी साहू ने डांस पेश किया। अस्थि बाधित देव सिंह बंजारे और दृष्टिबाधित तीज राम बघेल का गायन, वादन जबरदस्त रहा। उमाशंकर बंजारे ने तबला व सालिक राम दृष्टिबाधित ने ढोलक वादन किया। इस प्रकार 55 दिव्यांगों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर अपना टैलेंट दिखाया। अंत में प्रतिभागी सभी बच्चों को सर्टिफिकेट और पुरस्कार प्रदान किया गया। शेफाली घोष और सुमिता दास गुप्ता निर्णायक रहीं। डांस और गाने में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को अलग-अलग कैटेगरी पर स्पेशल मेडल से सम्मानित किया गया।

# क्विज, स्लोगन स्पर्धा में बच्चों की रही उत्साहपूर्ण भागीदारी

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सिम्स में "जेंडर फॉर हेल्थ" थीम पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें क्विज, पोस्टर मेकिंग व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें लगभग सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### सिम्स में 'जेंडर फॉर हेल्थ' विषय पर कार्यक्रम

**बिलासपुर।** कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य, स्वच्छता, लैंगिक समानता विषय पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों ने यह संदेश दिया कि स्वस्थ समाज के निर्माण में सभी वर्गों की समान भागीदारी आवश्यक है। यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम "जेंडर फॉर हेल्थ" के अनुरूप किया गया। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। जिसमें स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई और लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में देश भर के सैकड़ों मेडिकल कॉलेजों में चल रही समान गतिविधियों की जानकारी भी साझा की गई। जिससे प्रतिभागियों को व्यापक दृष्टिकोण प्राप्त हुआ। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं जेंडर समानता के महत्व को रेखांकित करना रहा।



### उत्कृष्ट प्रतिभागियों का सम्मान

कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया एवं उनके प्रयासों की सराहना की गई। विशेषज्ञों ने छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में सिम्स चिकित्सालय के अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ लखन सिंह, नोडल अधिकारी डॉ भूपेंद्र कश्यप, डॉ हेमलता ठाकुर, डॉ मधुमिता मूर्ति, डॉ अर्चना सिंह, डॉ प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ सचिन पांडेय, डॉ विवेक शर्मा सहित संस्थान के अन्य वरिष्ठ चिकित्सक, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### आईएमए का स्वास्थ्य शिविर आज

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आईएमए के द्वारा,सिविल लाइंस स्थित, चेतना परिसर में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए 'स्वास्थ्य परीक्षण' कैंप का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। जिसमें पुलिस कर्मियों को धूप से बचाव, स्वस्थ जीवन शैली एवं बीमारियों से बचाव की जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अपोलो हास्पिटल हेड अभय गुप्ता होंगे। संयोजक एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, आईएमए अध्यक्ष डॉ प्रमोद जायसवाल, डॉ मोहन गुप्ता, सचिव डॉ प्रसन्ना सिंह होंगे। शिविर में लगभग 200 पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण होगा। शिविर में डॉ दीपक गुप्ता, डॉ एमपी सामल, डॉ अविजित रायजादा, डॉ विजय कुपटकर, डॉ अखिलेश देवरस, डॉ श्रीश मिश्रा एवं डॉ योगेन्द्र गुप्ता अपनी सेवाएं देंगे।

कार्यक्रम

## परशुराम जन्मोत्सव पर एकजुट होकर करें काम



**बिलासपुर।** आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की गत दिनों संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इसमें भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव, अन्य आगामी कार्यक्रमों तथा संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित संस्था के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं प्रदेश प्रभारी रेखेंन्द्र तिवारी ने कहा कि हमारी एकता ही हमारी शक्ति है। सभी एकजुट होकर संगठन के हित में कार्य करने के साथ ही संगठन में अधिक से अधिक विप्रजनों विशेष कर युवाओं को जोड़ने की बात कही। बिलासपुर जिलाध्यक्ष पं. रूपेंद्र तिवारी ने बिलासपुर जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संगठन में नए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। अंत में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर अक्षय तृतीया के दिन आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में भगवान श्री परशुराम की पूजा-अर्चना कर भोग प्रसाद वितरण करने का निर्णय लिया। बैठक का संचालन महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष शशि तिवारी एवं आभार प्रदर्शन मुख्य संगठन जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने किया।

बैठक

## समाज की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का निर्णय



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय महासंघ नई दिल्ली के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद नामदेव, प्रदेश अध्यक्ष कमल किशोर वर्मा के दिशा निर्देश पर छत्तीसगढ़ फेडरेशन की महिला इकाई जिला बिलासपुर की संत नामदेव सामुदायिक भवन नूतन चौक सरकंडा में एक बैठक हुई। इसमें समाज की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने, जरूरतमंद प्रतिभावान बच्चों को उच्च शिक्षा में सहायता करने का निर्णय लिया गया। नामदेव समाज के महिलाओं ने निर्णय लिया है कि समाज की जरूरतमंद महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के साथ ही उन्हें सिलाई, कढ़ाई, बुनाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जरूरतमंद परिवार के प्रतिभावान बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए फेडरेशन की महिलाओं द्वारा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समाज के बच्चे अपनी प्रतिभा को प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर ला सके। बैठक की अध्यक्षता सुषमा नामदेव ने की तथा डॉ ज्योति नामदेव ने समाज की सभी महिलाओं का परिचय कराया तथा आगामी कार्य योजना को लेकर चर्चा की।

# ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रध्दालु

**बिलासपुर।** तोरवा स्थित छठ घाट परिसर में 5 से 12 अप्रैल तक 108 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, मंगलवार से प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन किया जाएगा। वहीं दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है।

इस धार्मिक आयोजन में 1008 महामंडलेश्वर अमृतानंद गिरी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कथावाचक आचार्य मुरारी मोहन पाण्डेय द्वारा श्रद्धालुओं को भक्ति रसपान कराया जा रहा है,दूसरे दिवस सोमवार को कथावाचक ने भक्त ध्रुव के जीवन की कहानी सुनाई। बताया गया कि बालक ध्रुव ने किस प्रकार कठोर तपस्या कर भगवान की कृपा प्राप्त की और अटूट भक्ति का आदर्श स्थापित किया। इसके अतिरिक्त, भगवान श्रीराम से जुड़ा सती प्रसंग भी सुनाया गया।

कथा में बताया गया कि जब भगवान श्रीराम माता सीता की खोज में वन-वन भटक रहे थे, तब सती माता ने उनकी परीक्षा लेने के लिए सीता का रूप धारण किया था। भगवान श्रीराम ने उन्हें तुरंत पहचान लिया, जिससे सती को अपनी भूल का अहसास हुआ। कथा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रोताओं ने भावपूर्वक कथा का श्रवण किया।





### तप का वर्णन किया

उन्होंने बताया कि एक बार उत्तानपाद सिंहासन पर बैठे हुए थे। ध्रुव भी खेलते हुए राजमहल में पहुंच गए, उस समय उनकी अवस्था पांच वर्ष की थी। बेटा उत्तम राजा उत्तानपाद की गोदी में बैठा हुआ था। ध्रुव भी राजा की गोदी में चढ़ने का प्रयास करने लगे। सुरुचि को अपने सौभाग्य का इतना अभिमान था कि उसने ध्रुव को डांटा और कहा कि इस गोद में चढ़ने का तेरा अधिकार नहीं है। इस गोद में चढ़ना है तो पहले भगवान का भजन करके इस शरीर का त्याग कर और फिर मेरे गर्भ से जन्म लेकर मेरा पुत्र बन, तभी राजा की गोद में बैठेगा। ध्रुव ने तपस्या प्राप्त कर वह स्थान प्राप्त किया, जो किसी को मुश्किल से मिल पाता है।

# शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ कौशल विकास भी आवश्यक

**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के करियर गाइडेन्स एवं कौशल विकास समिति के द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों का वितरण समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों, अरपा लाइब्रेरी तथा प्रोफेसर डॉ आनंद कश्यप द्वारा दान की गई 197 प्रतियोगी परिक्षाओं पीएससी व्यापम, बैंकिंग, कैट एवं प्रेरक पुस्तकों का वितरण महाविद्यालय की छात्राओं को किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नंदिनी तिवारी ने इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ कौशल विकास भी आवश्यक है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यह पुस्तक वितरण कार्यक्रम एक सार्थक पहल है। इस अवसर पर डॉ आनंद कश्यप सहायक प्राध्यापक के द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते हुए एसपिरेन्ट के संघर्ष कर आधारित उपन्यास गाँधी चैक का वितरण भी किया गया। साहिल गाँधी के द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को कौशल विकास विषय पर प्रेरक व्याख्यान दिया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन कैरियर गाइडेन्स समिति की संयोजक डॉ बेला महंत के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ वंदना राठौर ने किया। डॉ अनुपा तिर्की एवं डॉ एस के पटेल ने पुस्तक वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ शशिकला सिन्हा, डॉ आरती सिंह ठाकुर, डॉ अर्चना शुक्ला, डॉ इसाबेला लकड़ा, डॉ शोभा महिस्वर, डॉ डीके शुक्ला, डॉ सुरेखा देवांगन, डॉ ललिता साहू,डॉ दीपिका महोबिया, आनंद कुमार एवं भरत मानिकपुरी, अल्का डडसेना, अमृता आर चिमनानी, डॉ आरती राठौर तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।



# व्यक्ति को ज्ञानार्जन, तप एवं दान के प्रति कभी भी संतुष्ट नहीं होना चाहिए

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय आवासीय ईटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम का सप्तम दिवस अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में सहायक सचिव नितेश साहू उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम अधिकारियों को संबोधित करते हुए युवा नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला तथा स्वयंसेवकों में निहित प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने हेतु तैयार करने पर बल दिया। द्वितीय सत्र में प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर कुलगीत एवं लक्ष्यगीत के साथ हुई, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति डॉ ललित प्रकाश पटेरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति को ज्ञानार्जन, तप एवं दान के प्रति कभी भी संतुष्ट नहीं होना चाहिए तथा शांत रहकर और मूक रहकर निरंतर कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की सामाजिक गतिविधियों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ तारणीश गौतम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से निरंतर नित-नूतन बातें सीखने को मिलती हैं तथा लेखन कला को निरंतर बनाए रखना चाहिए। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ एचएस होता ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षणों से नई ऊर्जा का संचार होता है, एक-दूसरे से नवाचार प्राप्त होते हैं और ये अनुभव उत्तरोत्तर प्रगति में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने प्रशिक्षण की सफल पूर्णता पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए एनएसएस के माध्यम से सक्रिय सेवा कार्यों के निष्पादन प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशिक्षण सहायक यूपेश कुमार द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन प्रशिक्षण सहायक डॉ रीना ताम्रकार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ अतुल दुबे एवं डॉ कलाधर की उपस्थिति रही। साथ ही भूपदेव चंद्राकर, विनोद कौशिक एवं दाताराम प्रजापति का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



# बिलासपुर वूमेंस अंडर-23 व सीनियर संभावित टीम घोषित



स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा निर्देशित अंडर 23 और सीनियर का ट्रायल क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा कोनी के आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल के मैदान में कराया गया। जिसमें कुल 28 महिला खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया जिसमें 15 वूमेंस खिलाड़ी अंडर 23 वर्ग के और 12 वूमेंस खिलाड़ी सीनियर वर्ग के महिला खिलाड़ी सम्मिलित थे। बिलासपुर के चयनकर्ता के रूप में अभिषेक सिंह, नावेद अली और आकाश सिंह उपस्थित थे। ट्रायल के दौरान सभी महिला खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट बारीकियां और स्किल का प्रदर्शन चयनकर्ता के सामने किया जिसमें सर्वप्रथम रनिंग और फिटनेश कराया गया उसके पश्चात गेंदबाजी और बल्लेबाजी कराए गए इसके बाद ही स्टेट के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया।

टीम में प्रभलीन कौर वालिया, मीनल शौभाग्य यादव, मानसी उपाध्याय, कामना यादव, शिखा यादव, ऐश्वर्या सिंह, रिमी गिडियन, महक ठाकुर, देवकी यादव, शबमन यादव, तान्या राके, कनिका मिश्रा, साक्षी शुक्ला, मोनिका मरावी, और तानिया बेरिया का वूमेंस अंडर 23 का चयन किया गया है। वूमेंस सीनियर में शिवि पांडे, शिल्पा, ज्योति यादव, उपासना तिर्की, सृष्टि शर्मा, इशिका मिश्रा, राखी यादव, प्रिया साव, प्रतिज्ञा सिंह, श्रद्धा वैष्णव संजीता पटेल, दुर्गा साहू का चयन किया गया।

ये सभी खिलाड़ी 7 अप्रैल को छत्तीसगढ़ वूमेंस अंडर 23 और सीनियर ट्रॉयल देंगे जो कि 7 अप्रैल को सुबह 7 बजे रायपुर स्टेडियम मैदान में आयोजित होगा। ट्रॉयल के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ सचिव विंटेश अग्रवाल, क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेंद्र सिंह, शरद मुरारका, आनंद तलवड़े, सुशांत शुक्ला, महेश दत्त मिश्रा, सोनल वैष्णव, मोहम्मद जाकिर , नंदगिरिश सौरभ और नावेद अली उपस्थित थे।



## खेलो इंडिया अस्मिता पेंचाक सिलाट में जीते पदक

आनंद गुजरात में 31 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता पेंचाक सिलाट महिला लीग सब-जूनियर,जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है।

प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की खिलाड़ियों ने कुल 3 स्वर्ण पदक,एवं 8 कांस्य पदक हासिल किए। संघ के महासचिव शेख समीर ने कहा कि टीम के खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल, अनुशासन और मेहनत का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप यह सफलता प्राप्त हुई। पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में अनामिका गुर्जर, यशस्वी सिंह, सिया कुमारी ने स्वर्ण पदक, कृतिका कशेर, अदिति सिंह, सर्वज्ञ गर्ग, निकुंज लहरे, विधि सिपानी, अविसी ओझा, ध्रुव चौबे, लावन्या साहू ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कोच के रूप में लिनीमा साहू, मैनेजर अभिषेक देवांगन, सूर्यकांत वर्मा ने सहयोग प्रदान किया। टीम की वापसी पर खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पेंचाक सिलाट संघ के संरक्षक रविंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष मनीष बाग, प्रदेश एथलेटिक संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह, छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के मनीष श्रीवास्तव, पैरा स्विमिंग संघ के महासचिव सूरज यादव सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## तीसरी बार चैम्पियन बनी कोरबा पुलिस टीम



डिपार्टमेंटल उन्नति कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कोरबा पुलिस की टीम ने लगातार तीसरी बार विजेता होने का गौरव प्राप्त किया है। मिनी स्टेडियम गांधी चौक में बिलासपुर यूथ एंड वेलफेयर एवं डीबी वेंचर के तत्वाधान में आयोजित डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग उन्नति कप डीपीएल सीजन 4 में अंतिम दिन 4 मैच खेले गए। आयोजन समिति के अध्यक्ष अख्तर खान ने बताया कि फाइनल मुकाबला कोरबा पुलिस और बेमेतरा पुलिस के मध्य खेला गया। इसके मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, पूर्व महापौर रामशरण यादव, पूर्व सभापति शेख नजीरूद्दीन, फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष प्रिंस भाटिया, श्रवण श्रीवास, मंजूर खान, संदीप द्विवेदी, रेवती यादव मौजूद थे। कोरबा पुलिस ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बेमेतरा पुलिस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 70 रन 8 विकेट के नुकसान पर बनाया। टीम की ओर से अमन ने 30 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरबा पुलिस की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 70 रन के लक्ष्य को सात ओवर में हासिल कर लिया। कोरबा पुलिस की टीम की तरफ से कवि महंत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 9 गेंद पर 22 रन बनाए और फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच रहे।

**खबर संक्षेप**

## जिला अस्पताल के डाक्टरों ने की जटिल थायरॉयड सर्जरी



**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में एक जटिल थायरॉयड सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मरीज मधु यादव ने 18 मार्च 2026 को बाह्य रोग विभाग में कान, नाक एवं गला विशेषज्ञ डॉ. कमलेश सत्यपाल को दिखाया था। मरीज के गले के नीचे एक ओर सूजन थी, जो लगातार बढ़ रही थी। डॉक्टर द्वारा आवश्यक जांच कराने पर थायरॉयड में गठान (नोड्यूल) पाए जाने की पुष्टि हुई। चिकित्सकीय परामर्श के बाद ऑपरेशन का निर्णय लिया गया। 27 मार्च को डॉ. कमलेश सत्यपाल, डॉ. राजेश कुमार बेलदार एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक सर्जरी कर थायरॉयड की गठान को निकाल दिया गया। यह ऑपरेशन थायरॉयडेक्टॉमी के अंतर्गत किया गया। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति सामान्य और स्वास्थ्य में निरंतर सुधार बताया जा रहा है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम.के. राय ने इस सफल ऑपरेशन के लिए पूरी टीम की सराहना की। वहीं, मरीज एवं उनके परिजनों ने डॉक्टरों एवं अस्पताल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की।

## बालक छात्रावास में लगा विधिक जागरूकता शिविर



**मुंगेली।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक मजिस्टेट श्रीमती जसविंदर कौर अजमानी मलिक द्वारा विगत दिन विकासखण्ड मुंगेली के फास्टरपुर स्थित शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले महत्वपूर्ण तथ्यों व मूल अधिकार, मूल कर्तव्य के बारें में जानकारी देते हुए छात्रों को गुडटच-बैडटच, पॉक्सो एक्ट, भारत का संविधान, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2005 की एवं मोबाईल के माध्यम से होने वाले अपराध व ऑनलाईन फ्राड व उसके बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होने बताया कि जीवन में पढ़ाई-लिखाई, खेल-कूद के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी व सभी बच्चो को सोशल मीडिया के दूरूपयोग एवं अधिक समय तक मोबाईल के उपयोग न करने की समझाईश दी। साथ ही छात्रों को अपनी भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उस पर लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बालक छात्रावास फास्टरपुर के अधीक्षक अश्वनी बंजारा, पीएलव्ही धर्मेन्द्र शर्मा, प्रांजल महिलांगे मौजूद रहे।

## प्रयास विद्यालय चयन परीक्षा के लिए केंद्राध्यक्ष ने दिया मार्गदर्शन



**लोरमी।** गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर में कक्षा 5 वीं 8 वीं केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा पश्चात 48 विद्यार्थियों को प्रयास विद्यालय चयन परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निःशुल्क फॉर्म वितरण किया गया था। युगल किशोर राजपूत ने बताया कि चयन परीक्षा के लिए फॉर्म आनलाइन आवेदन आमंत्रित आवेदन किए हैं जिसकी अंतिम तिथि 17 अप्रैल निर्धारित की गई है। सभी विद्यार्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर सुधार की सुविधा 18 अप्रैल से 21तक तथा परीक्षा 10 मई को आयोजित की जाएगी। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा समस्त स्टॉफ की उपस्थिति में की गई।

## सर्वाइकल कैंसर से बचने 14 वर्षीय बालिकाओं का टीकाकरण



**लोरमी।** किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से एचपीवी (हयूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान की शुरूआत जिला स्तर से की गई थी। इसी कड़ी में विकासखण्ड स्तरीय अभियान का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 50 बिस्तर अस्पताल में किया गया। अभियान की शुरूआत 14 वर्षीय किशोरी स्नेहा सिंह को एचपीवी वैक्सीन लगाकर की गई। बीएमओ डॉ जीएस दाऊ ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन किशोरियों में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी है यह वैक्सीन टीकाकरण के लिए वही किशोरिया पात्र होगी जिन्होने 14वां जन्मदिन मना लिया हो परन्तु 15वां जन्मदिन ना मनाया हो। एचपीवी वायरस महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर) का प्रमुख कारण होता है।

### कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

# धरदाई धान खरीदी केंद्र में 2375 क्विंटल धान की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

विकासखंड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति अंतर्गत संचालित धरदाई धान खरीदी केंद्र में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान गंभीर अनियमितता उजागर हुई है। केंद्र में कुल 2375 क्विंटल धान की कमी पाई गई है, जिसका अनुमानित मूल्य करीब 48 लाख रुपये आंका गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, धान खरीदी के बाद भौतिक सत्यापन एवं उठाव प्रक्रिया के दौरान यह भारी कमी सामने आई। अब तक की स्थिति में 375 क्विंटल धान की भरपाई कर ली गई है, जबकि लगभग 2000 क्विंटल धान की कमी अभी भी शेष है। अधिकारियों के अनुसार प्रथम दृष्टया यह मामला प्रबंधकीय लापरवाही की ओर संकेत करता है और शेष कमी की भरपाई संबंधित प्रबंधक से कराई जाएगी। इस संबंध में सरगांव शाखा प्रबंधक एमडी आर्य ने बताया कि इतनी बड़ी मात्रा में धान की कमी को "सूखने" का कारण बताना व्यवहारिक रूप से स्वीकार्य नहीं है और मामले में जिम्मेदारी तय की जाएगी। गौरतलब है कि इसी केंद्र में पिछले वर्ष भी करीब 30 लाख रुपये मूल्य के धान की कमी पाई गई थी, जिसकी बाद में भरपाई कराई गई थी। लगातार दूसरे वर्ष इस तरह की अनियमितता सामने आने से धान खरीदी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। केंद्र प्रबंधक कार्तिक राम ध्रुव ने कहा कि धरदाई एक बड़ा धान खरीदी केंद्र है और भंडारण के दौरान धान के सूखने से वजन में कमी आई है। उन्होंने बताया कि शेष कमी की भरपाई वे अपने निजी संसाधनों से कर रहे हैं।



### अत्यंत गंभीर अनियमितताः कौशिक

समिति अध्यक्ष गेंद सिंह कौशिक ने कहा कि पिछले वर्ष सामने आई अनियमितताओं के बाद हमने संबंधित प्रबंधक को हटाने की मांग की थी, लेकिन उस पर समय पर कार्रवाई नहीं हुई। उस दौरान भी प्रबंधक द्वारा गर्मी फसल का धान किसानों से खरीदकर शॉर्टेज की भरपाई की गई थी, जो नियमों के अनुरूप नहीं है। इस वर्ष लगभग दो हजार क्विंटल धान का शॉर्टेज सामने आना अत्यंत गंभीर अनियमितता है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति दोबारा न बने।

### सख्त कार्रवाई होनी चाहिएः दीपिका

जनपद उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक ने मामले पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले वर्ष भी इसी धान खरीदी केंद्र में शॉर्टेज और अनियमितताओं के मामले सामने आए थे। उस समय मैंने विभाग से संबंधित प्रबंधक को हटाने की मांग की थी, ताकि धान खरीदी की व्यवस्था सुचारू और पारदर्शी रूप से संचालित हो सके। लेकिन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण इस वर्ष भी बड़ी मात्रा में धान की कमी सामने आई है। उन्होंने आगे आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधक द्वारा गर्मी फसल के धान की खरीदी कर शॉर्टेज की भरपाई करने की कोशिश की गई है, जो नियमों के विपरीत है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न हो।

### चल रही है जांच

यह मामला मेरी जानकारी में है। धान खरीदी केंद्रों में खरीदी के बाद राइस मिलरों द्वारा डीईओ (डिलीवरी ऑर्डर) जारी किया जाता है। धान के उठाव के पश्चात ही वास्तविक शॉर्टेज का पता चलता है। वर्तमान मामले की जांच खाद्य विभाग द्वारा की जा रही है। जांच में जो भी कमी पाए जाएगी, उसकी भरपाई संबंधित समिति प्रबंधक से कराई जाएगी।

-**रेखा चंद्रा**, एसडीएम, पथरिया

### जांच रिपोर्ट तैयार

मामले की जांच रिपोर्ट तैयार कर ली गई है, जिसे सोमवार को प्रस्तुत किया जाएगा। प्रारंभिक जांच में समिति प्रबंधक की स्पष्ट लापरवाही सामने आई है और गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। संभावना है कि उच्च अधिकारी जल्द ही इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करेंगे। स्टाफ की कमी के कारण अब तक प्रबंधक को नहीं हटाया जा सका था, लेकिन स्थिति को देखते हुए शीघ्र ही उन्हें केंद्र से हटा दिया जाएगा।

-**मिथलेश साहू**, सीईओ

## श्रीरुद्रमहायज्ञ एवं भागवत ज्ञान यज्ञ आज से



सीपत। भोलेनाथ मंदिर गाजबंद सरोवर पिपरदा (दल्हागिरी) में श्रीरुद्रमहायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 7 अप्रैल से किया जाएगा। इसमें वृंदावन की कथावाचिका बाल विदुषी निष्ठाव्यास के श्रीमुख से कथा वाचन होगा। कथा में प्रधान यज्ञाचार्य पंडित बजरंग प्रसाद पाण्डेय के साथ पंडित गोपाल प्रसाद पांडेय, पंडित सत्यम पांडेय, पंडित निरंजन तिवारी, पंडित वेदप्रसाद शर्मा पंडित तुंगेशवर पांडेय, पंडित आशीष दुबे,पंडित एकलव्य शुक्ला ,पंडित अश्वनी शर्मा ,पंडित गोकुल प्रसाद दुबे, पंडित अमर गुरुद्वान, पंडित उमाशंकर गुरुद्वान होंगे। उपरोक्त जानकारी पंडित उमाशंकर गुरुद्वान ने दी।

## नरगोड़ा में नवधा रामायण सुनने उमड़ रही भीड़



**सीपत।** ग्राम नरगोड़ा में आयोजित अखंड नवधा रामायण में ग्रामवासियों की सहभागिता बड़ी संख्या में देखने को मिल रही है। आयोजन के तीसरे दिन आचार्य गिरिजा शरण दुबे के सानिध्य में सुरेंद्र भोंसले एवं सरिता भोंसले ने पूजा अर्चना की। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र भोंसले, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष नरेंद्र गिर एवं सचिव परमेश्वर श्रीवास कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं। इस मौके पर विजय भोंसले, गजेंद्र भोंसले राम गोपाल उपाध्याय, घासीराम कैवर्त, बहोरिक राव, भुवन ऋषि, तरानगीर, झंकार गिर, रामचरण साहू, देवचरण साहू, प्रमित कोरी, शुभम श्रीवास, सुरेश जायसवाल, शिवकुमार भोई, जागवत, रामेश्वर पुरी ,सेवक, दौलत राव, अभिषेक, हेम कुमार ,छोटू साहू, पप्पू राव आदि मौजूद रहे।

## डीईओ ने ली शिक्षकों व प्रधान पाठकों की बैठक



**सेतगंगा/मुंगेली।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डहरिया ने 4 अप्रैल को जिला मुख्यालय के संकुल ग्राम तरवरपुर, झिटकनिया, तरवरपुर एवं उदका के विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, व्यवस्थाओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालयों में स्थानीय स्तर पर परीक्षाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित होने पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षकों को परीक्षा कार्य को पारदर्शी एवं अनुशासित तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री डहरिया ने शिक्षकों एवं प्रधान पाठकों की बैठक लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना का लाभ उठाकर विद्यालयों एवं व्यक्तिगत स्तर पर बिजली उत्पादन को बढ़ावा दें, जिससे ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ राष्ट्रहित में योगदान सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही उन्होंने एमबीयू अपडेशन एवं रिवेलिडेशन कार्य को प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया कि संबंधित शिक्षक एवं कर्मचारी निर्धारित समय-सीमा में लोक सेवा केंद्र या शिविर के माध्यम से 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करें। युवाओं को सेना में भर्ती के लिए प्रेरित करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी ने 17 से 21 वर्ष आयुवर्ग के पात्र विद्यार्थियों का अग्निवीर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसका लाभ सभी पात्र छात्रों तक पहुंचाया जाना चाहिए।

## गतौरा में राठौर भवन जीर्णोद्धार गार्डन, मैदान का लोकार्पण



**मोपका।** समीपस्थ ग्राम गतौरा में क्षत्रिय राठौर समाज बिलासपुर ग्रामीण बाडी नौ गांव एवं जिला की बैठक हुई। बैठक में ग्राम पंचायत गतौरा के राठौर भवन का जीर्णोद्धार, मैदान, गार्डन का लोकार्पण किया गया। गतौरा राठौर समाज अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी संरक्षक सुरेश कुमार राठौर के नेतृत्व में राठौर भवन का जीर्णोद्धार कर मैदान एवं गार्डन बनाया गया, अरुण राठौर के द्वारा शौचालय निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपये दान दिया गया था, जिसका आज मुख्य अतिथि प्रांतीय कार्यकारिणी अध्यक्ष नरेंद्र राठौर, प्रांतीय महामंत्री राजेन्द्र राठौर, बिलासपुर संरक्षक अरुण राठौर ने किया। क्षत्रिय राठौर समाज का कैलेण्डर का विमोचन किया गया। जिसे बिलासपुर ग्रामीण बाडी अध्यक्ष धनंजय राठौर के नेतृत्व में कैलेंडर वितरण किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर अध्यक्ष हरिशंकर राठौर, धनंजय राठौर, सुरेश कुमार राठौर, नागेन्द्र राठौर, अरुण राठौर, रामकुमार राठौर कृष्णकुमार राठौर, जवाहरलाल राठौर, कौड़िया से आनंद राठौर, नरेंद्र राठौर, राजेश राठौर, मदन लाल राठौर, दारा सिंह, उमेश राठौर, दशरथ सिंह राठौर, देवेन्द्र राठौर, सहित अन्य मौजूद थे।

## मर्यादा हो तो श्रीराम की तरह और भक्त हनुमान की तरह



**सीपत।** माता चौरा चौक में अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है I आयोजन के चौथे दिन माता सीता जी की स्वयंवर भगवान श्रीरामजानकी जी का विवाह का वर्णन दूर दराज से आए मंडलियों के द्वारा किया गया। नवधा भक्ति में सीपत सरपंच प्रतिनिधि मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि हमें भगवान श्रीराम की तरह मर्यादाओं का पालन करना चाहिए है और भक्ति हो तो हनुमान जी की तरह करनी चाहिए। कलियुग में मानव जीवन को कष्टों से छुटकारा पाना और अपनी इच्छाओं की प्राप्ति करना है तो भगवत भजन,स्मरण से बड़ा मार्ग नहीं है I हमें सद् बुद्धि व आत्मशांति के लिए ईश्वर के श्रीचरणों में सदैव रहना होगा I इस अवसर पर माता चौरा चौक अखंड नवधा में सीपत प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय, पत्रकार हरीश गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, जनप्रतिनिधि विनोद यादव, डॉक्टर संतोष साहू ,बुधराम रजक, अजय यादव, विभीषण वर्मा, बलिराम साहू गुरुजी उपस्थित थे।

## सशक्त कार्यकर्ता और संगठन ही भाजपा का आधार स्तम्भः मोहले



**पथरिया।** लौदा मण्डल में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत 4 अप्रैल से प्रारंभ महाप्रशिक्षण में विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व दिया गया। प्रशिक्षण को मण्डल उपाध्यक्ष हुकुम सिंह द्वारा सम्बोधित कर कार्यकर्ताओं को संगठन हित में कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीति संगठन है जो सशक्त कार्यकर्ताओं के बल से बना है। भाजपा नेता क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री पुन्नू लाल मोहले ने प्रशिक्षण महाभियान के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि सशक्त कार्यकर्ता और संगठन भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तम्भ है इन्हीं सक्रिय कार्यकर्ताओं के मेहनत से आज हम दो सीट से तीन सौ से अधिक सीटों तक जीत चुके हैं। बैठक में मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी महामंत्री अरुण साहू सविता जायसवाल मंडल उपाध्यक्ष हुकुम सिंह ठाकुर साभी मोर्चा अध्यक्ष महामंत्री एवं जिला सहकारी समिति अध्यक्ष सुरेश पटेल कलेश साहू आकुंम गेंदले मोहित बंजारे भुनेश्वर साहू सतु सिंह शुभम मिश्रा राज कुमार साहू अनिल साहू आकाश बंजारे पायल साहू चित्रारेख नेताम बृजबाला शर्मा संतोष मरावी चित्रलेखा साहू उपस्थित रहे।

## फूलचंद जैन की पुण्यतिथि पर सशिमं में कार्यक्रम



**मुंगेली।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में फूलचंद जैन की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष विवेकानंद बाल कल्याण समिति के उपाध्यक्ष दीनानाथ उपाध्याय, मुख्य अतिथि अधिवक्ता एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष गिरीश शुक्ला, विशिष्ट अतिथि सचिव विवेकांनंद बाल कल्याण समिति मिहालाल शिवनाणी और रविन्द्र पौराणिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष दीनानाथ उपाध्याय ने बाबूजी को याद करते हुए उनकी समय बद्धता एवं कर्तव्य निष्ठा के बारे में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि उनके द्वारा किये गये अनेका-नेक कार्यो को प्रगति पग पर बढ़ाते हुए भारत माता मंदिर को लोकार्पित कर उनके स्वप्न को पूर्ण करने हेतु सभी से सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने बाबू जी की समाज के अंतिम छोर में खडे.व्यक्ति के लिए कार्य करने की क्षमता को याद किया। सचिव मिहालाल शिवनाणी ने कहा कि बाबू जी के जीवन का हर लम्हा समाज और देश के प्ेरम के भावों से भरा रहा। उनका मुख्य ध्येय नर सेवा नारायण सेवा रहा और बाबू जी द्वारा वनवासी सेवा समिति के अंतर्गत चल रहे डोंगरीगढ़, कोदवागोड़ान, अमेरा तथा पंडरभट्ठा में चल रहे गौशाला एवं मुंगेली में चल रहे दोनो सरस्वती शिशु मंदिरों जैसे बड़े-बड़े प्रकल्पों को खड़ा करने के उनकी प्रबल इच्छा शक्ति पर अपने विचार प्रस्तुत किये तथा उनके अधूरे प्रकल्प भारत माता मंदिर को सभी के सहयोग से पूर्ण करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## ब्राह्मण समाज ने की भगवान परशुराम जन्मोत्सव के लिए तैयारी बैठक



**मल्हार।** आगामी अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम व श्रद्धा पूर्वक मनाने रविवार को हेमंत सोनू तिवारी के निवास में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 22 अप्रैल को मनाई जाने वाली भगवान परशुराम जन्मोत्सव के आयोजन एवं भव्य शोभायात्रा की रूपरेखा तय करना रहा, इस अवसर पर मस्तुरी विप्र समाज के वरिष्ठ कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, साथ ही मल्हार ब्राह्मण समाज के अनेक ब्राह्मण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने अपने सुझाव एवं विचार साझा किए। बैठक में निर्णय लिया कि शोभायात्रा डिडिनेश्वरी देवी मंदिर से शाम 3 बजे शुरू होगी जो नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए बस स्टैंड देऊर मंदिर के बाद प्राचीन भगवान पातालेश्वर मंदिर में आकर शाम 6 बजे समापन होगी। जिसमें मस्तुरी ब्लाक से बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग सपरिवार शामिल होंगे। बैठक में भव्य शोभायात्रा निकालने का सामूहिक निर्णय, जिसमें ढोल ताशे, पारंपरिक बाजे गाजे शामिल होंगे, शोभायात्रा के साथ साथ परशुराम की आकर्षक झांकी, पुजा अर्चना प्रसाद वितरण और आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिम्मेदारियां भी तय की गई।

### कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें विभागीय अफसर

# अपर कलेक्टर व जिपं सीईओ ने ली बैठक



**मुंगेली।** जिले में संचालित शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्धारित लक्ष्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने ली। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी योजनाओं में लक्ष्य आधारित एवं समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित की जाए, साथ ही कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

अग्निवीर भर्ती और ई-ऑफिस पर जोर- बैठक के दौरान अग्निवीर भर्ती के तहत ऑनलाइन पंजीयन की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक युवाओं को पंजीयन के लिए प्रेरित किया जाए तथा इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। ई-ऑफिस के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए एडीएम ने सभी विभागों को शत-प्रतिशत कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं गति लाई जा सके। उन्होने जनगणना कार्य की प्रगति पर चर्चा करते हुए बेहतर कार्ययोजना बनाकर व्यवस्थित रूप से कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। साथ ही जनजागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया। धान उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इस सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित किया जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने प्रधानमंत्री जनमन योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्षित उपलब्धि प्राप्त करने हेतु ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत शेष लगभग 15 हजार आवासों के शीघ्र पूर्णता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को ग्राम पंचायतों का नियमित निरीक्षण करने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा आवश्यक मानव संसाधनों की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

## पथरिया में मना सामाजिक सद्भाव सम्मेलन




**पथरिया।** संघ शताब्दी वर्ष पर खण्ड स्तरीय सामाजिक सद्भाव सम्मेलन का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त के प्रांत मिलन मंडली प्रमुख गणपति रॉयल रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण का मूल आधार संगठित, संस्कारित और जागरूक समाज है!उन्होंने सामाजिक समरसता को भारत की सनातन संस्कृति की आत्मा बताते हुए कहा कि हमारी परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम की रही है। इस मौके पर बिलासपुर विभाग के बौद्धिक सह प्रमुख रामावतार साहू, विभाग सामाजिक सदभाव प्रमुख आकाश परिहार, मुंगेली जिला कार्यवाह हजारी प्रसाद साहू, मुंगेली जिला सामाजिक सदभाव प्रमुख संदीप ताम्रकार, सह प्रमुख मनोहर यादव मौजूद रहे। सामाजिक सद्भाव सम्मेलन में खण्ड स्तर के सभी समाज प्रमुखों और सामाजिक बन्धुओं को आमंत्रित किया गया था, जिसमें समस्त जनों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### छात्रसंघ चुनाव की मांग व परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी, एयू का घेराव



**बिलासपुर।** यूनिवर्सिटी, कालेजों में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर एनएसयूआई ने आंदोलन छेड़ा है। इसी कड़ी में सोमवार को एनएसयूआई कार्यकर्ता, छात्र-छात्राओं ने अटल यूनिवर्सिटी का घेराव किया। छात्रों की भीड़ प्रशासनिक भवन के सामने धरना देकर जमकर नारेबाजी करती रही। यह आंदोलन मुख्य रूप से प्रदेश के सभी कालेजों में छात्रसंघ चुनाव कराने और अटल यूनिवर्सिटी में परीक्षा परिणामों में लगातार हो रही अनियमितताओं के विरोध किया गया। छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी के मेनगेट से नारेबाजी करते हुए प्रशासनिक भवन के सामने पहुंचे, जहां पर पुलिस बल सहित यूनिवर्सिटी के गार्डस तैनात थे। इस पर छात्र-छात्राएं प्रशासनिक भवन के सामने धरना पर बैठ गए और यूनिवर्सिटी सहित राज्य शासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इनका कहना था कि हर वर्ष प्रत्येक सेमेस्टर में परिणाम घोषित करने की जल्दबाजी में भारी त्रुटियां सामने आती है। कई छात्रों को परीक्षा में उपस्थित रहने के बावजूद अनुपस्थित दर्शाया जाता है तो कई छात्रों के अंक पूर्ण रूप से जोड़े ही नहीं जाते। घेराव दौरान यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार तार्णिश गौतम समेत यूनिवर्सिटी के अधिकारी प्रदर्शनकारियों से बात करने पहुंचे। इस पर एनएसयूआई ने चेतावनी देते हुए कहा कि छात्रों के अधिकारों की रक्षा करते हुए छात्रसंघ चुनावों की तत्काल बहाली एवं परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाए अन्यथा संगठन प्रदेशभर में चरणबद्ध तरीके से उग्र आंदोलन, धरना प्रदर्शन और घेराव करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। अटल यूनिवर्सिटी के घेराव में एनएसयूआई के लक्की शशांक मिश्रा, समर्थ मिरानी, राजेश सिंह, विवेक साहू, विक्की यादव, सुमित सूर्यवंशी, अदिति वर्मा, अजात शर्मा, फरहान खान, उमर अहमद, सुजल द्विवेदी, चिंटू कोसले, कुशल मेढे, निखिल चौरसिया, अंकित, रवि राव, राजा , मानस, आदिन, प्रिंस, फैजान आदि शामिल थे।

### चेतना दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में एसएसएपी सम्मानित



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय चेतना दिवस पर बिलासपुर पुलिस और नागरिक संगठनों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय चेतना दिवस संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह – 2026" का आयोजन पुलिस लाइन चेतना हॉल में एसएसपी रजनेश सिंह के विशेष आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह विशेष अतिथि रहे। इस विशेष कार्यक्रम में एसएसपी श्री सिंह द्वारा चलाए जा रहे 8 प्रमुख चेतना अभियानों से प्रभावित होकर संगठनों ने सम्मान किया। मुख्य अतिथि डॉ. विनय कुमार पाठक ने कहा आज के समय में समाज को सबसे ज्यादा जरूरत 'चेतना' की है। जिस तरह संघठनों ने सामाजिक जागरूकता, शिक्षा और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दे रहा है, वह पूरे देश के लिए एक मॉडल है। एससएसपी रजनेश सिंह द्वारा चलाए जा रहे चेतना अभियान समाज को नई दिशा दे रहे हैं। इस अवसर पर एनएचआईसीएफ की ओर से विशेष कार्य करने वालों को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। इसमें सहायक उपनिरीक्षक प्रदीप यादव, सुश्री उमा ध्रुव, सेवानिवृत्त एएसआई राम प्रसाद सिंह यादव, सकरी टीआई विजय चौधरी, सेवानिवृत्त उप निरीक्षक ऊमा शंकर पांडेय, प्रधान आरक्षक सैयद जावेद अली, उप निरीक्षक जे.पी. निषाद समाजसेवी सिमरन तिलरेजा, प्रभाकर तिवारी, सेवानिवृत्त उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह एएएसआई वीरेंद्र नेताम, प्रकाश बाबू कुर्रे, क्षमा सिंह, अनिता सिंह, डॉ. विद्या गोवर्धन, डॉ. गजेंद्र तिवारी द्वारा एसएसपी का सम्मान किया गया। वहीं राम सूर्यवंशी , जितेंद्र सिंह ठाकुर , परमवीर मरहास को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष न्यायमूर्ति चंद्रभूषण बाजपेयी और विशिष्ट अतिथि पं. संजय दुबे, अजित मिश्रा, रामगोपाल करियारे आदि मौजूद थे।

### सिम्स में 664 अग्निशमन सिलेंडरों की जांच, फ्लोर प्रभारी नियुक्त



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स में मरीजों की सुरक्षा को देखते हुए फायर सेफ्टी व्यवस्था का बंदोबस्त किया गया है।व्यापक फायर सेफ्टी अभियान, फ्लोर प्रभारी नियुक्ति, फायर ऑडिट, इलेक्ट्रिकल ऑडिट, मासिक मॉक ड्रिल तथा एसडीआरएफ के साथ संयुक्त आपदा प्रबंधन अभ्यास किया गया। संस्थान परिसर में 664 अग्निशमन सिलेंडरों की जांच, परीक्षण एवं रिफिलिंग समीक्षा की गई। वार्ड, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, ट्रॉमा, आपातकालीन विभाग, लैब, प्रशासनिक भवन तथा मरीजों की आवाजाही वाले सभी संवेदनशील क्षेत्रों में अग्निशमन उपकरणों की कार्यक्षमता, प्रेशर, वैधता एवं उपयोगिता का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। जिन उपकरणों में तकनीकी कमी अथवा रिफिलिंग की आवश्यकता पाई गई, उन्हें दुरुस्त करने कहा गया है। इस दौरान सीजीएमएससी के इंजीनियर उत्कर्ष शर्मा को फायर सेफ्टी ऑफिसर नियुक्त किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अस्पताल की पांचों मंजिलों हेतु अलग-अलग फ्लोर प्रभारी नियुक्त किए गए है। 4 प्रभारियों को अपने-अपने तल पर फायर सिलेंडर, अलार्म सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट, विद्युत उपकरणों तथा सुरक्षा संकेतकों की नियमित निगरानी व प्रबंधन रिपोर्ट देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने अग्निशमन सिलेंडर उठाकर आग बुझाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण लिया। उन्होंने कर्मचारियों के साथ मिलकर फायर एक्सटिंग्विशर के संचालन, आग की प्रारंभिक अवस्था में नियंत्रण तथा आपात स्थिति में त्वरित निर्णय की प्रक्रिया जाना है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह नियमित फायर ऑडिट, इलेक्ट्रिकल ऑडिट और मॉक ड्रिल आयोजित कर कर्मचारियों को सतत प्रशिक्षित किया जाएगा। इस दौरान डॉ.अमित ठाकुर, डॉ सुधांशु भट्ट, डॉ चंद्रहास ध्रुव, डॉ अमित कुमार, श्रीमती गरिमा पाण्डेय, उज्जवला दास, पिंकी दास, सरिता बहादुर, मुकेश ठाकरे, संतोष चंद्र सेन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**14 साल से प्रतिपूर्ति की राशि नहीं बढ़ी** | **प्रदेश भर के 6 हजार स्कूलों ने किया आंदोलन का ऐलान, 54 हजार 824 छात्र होंगे प्रभावित**

# आरटीई के तहत एडमिशन देने से जिले के 122 स्कूलों ने किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश को लेकर करीब 6 हजार निजी स्कूलों ने एक तरह से आंदोलन छेड़ दिया है। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने घोषणा की है कि इस साल वे आरटीई के तहत होने वाली प्रवेश प्रक्रिया में सहयोग नहीं करेंगे। जिससे 54 हजार 824 छात्र प्रभावित होंगे।

बिलासपुर में इस तरह के 122 स्कूल हैं। निजी स्कूल संगठन का कहना है कि, लंबे समय से लंबित मांगों और शासन की अनदेखी के चलते यह निर्णय लेना पड़ा है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि आरटीई के तहत पिछले 14 साल से प्रतिपूर्ति की राशि नहीं बढ़ाए जाने की वजह से प्रदेश के प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने फैसला लिया है। जिले के 122 से अधिक निजी स्कूल इस फैसले से प्रभावित होंगे। ये स्कूल आरटीई के तहत लॉटरी या ऑनलाइन माध्यम से चयनित छात्रों के एडमिशन की प्रक्रिया में भाग नहीं लेंगे। संगठन ने बताया कि वर्ष 2011 से आरटीई के तहत फीस प्रतिपूर्ति की राशि तय है, जिसे अब तक नहीं बढ़ाया गया है।




**इतनी मिलती है राशि**

- कक्षा 1 से 5 तक- 7000 प्रति छात्र
- कक्षा 6 से 8 तक- 11,400 प्रति छात्र
- कक्षा 9 से 12 तक- 15,000 प्रति छात्र

संगठन का कहना है कि बढ़ती लागत और महंगाई के बावजूद यह राशि वर्षों से जस की तस है, जिससे स्कूलों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। एसोसिएशन ने बताया कि, इस मुद्दे को लेकर 2025 में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। कोर्ट ने 6 महीने के भीतर शासन को इस पर निर्णय लेने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक कोई ठोस फैसला नहीं हुआ।

#### नोटिस और पत्रों का जवाब भी नहीं

संगठन की ओर से कहा गया है कि लगातार अनदेखी के कारण मार्च में ही असहयोग आंदोलन का ऐलान कर दिया गया था। इसके तहत स्कूल शिक्षा विभाग के नोटिस और पत्रों का जवाब भी नहीं दिया जा रहा है। खास बात है कि इस निर्णय का सीधा असर गरीब और वंचित वर्ग के छात्रों पर पड़ेगा, जो आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश लेते हैं। संगठन ने स्पष्ट किया कि वे मजबूरी में यह कदम उठा रहे हैं, क्योंकि वर्तमान प्रतिपूर्ति राशि में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना संभव नहीं रह गया है।

#### प्रतिपूर्ति राशि का पुनर्निर्धारण किया जाए

निजी स्कूल प्रबंधन ने सरकार से मांग की है कि, फीस प्रतिपूर्ति राशि का पुनर्निर्धारण किया जाए। अन्य राज्यों की तरह व्यावहारिक दर तय की जाए। लंबित मुद्दों पर जल्द निर्णय लिया जाए। संगठन का कहना है कि जब तक मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होता, तब तक आरटीई प्रवेश प्रक्रिया में सहयोग संभव नहीं होगा। इधर स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रदेश में आरटीई के तहत 54 हजार 824 सीटें प्रदेश में है। इन सीटों में कक्षा 1 से प्रवेश दिया जाता है। राज्य सरकार इन बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाती है। सीटों का निर्धारण यू-डाइस पोर्टल पर दर्ज गत वर्ष की कक्षा पहली की प्रविष्ट संख्या के आधार पर किया जा रहा है।

**प्रबंधन ने बर्ड फ्लू को देखते हुए बरती सावधानी, बकरा और मछली की बढ़ी मांग**

# कानन पेंडारी के मांसाहारी वन्यप्राणियों के सामने आहार का छाया संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी में मुर्गियों के मरने और बर्ड फ्लू की बीमारी के बाद अब कानन पेण्डारी जू में मांसाहारी वन्यप्राणियों के लिए आहार का संकट मंडरा गया है। बर्ड फ्लू के कारण बाहर की मुर्गियों का गेट के अंदर प्रवेश नहीं करने का आदेश जारी करने के साथ अब वन्यप्राणियों को बकरे और मछली का मांस जांच कराने के बाद आहार में परोसा जा रहा है।

बिलासपुर के कानन पेण्डारी मीडियम जू का संचालन इन दिनों अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर टाइगर रिजर्व कर रही है। करीब 114.636 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले कानन पेण्डारी जू में 65 प्रजातियों के 650 से अधिक मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों के लिए अलग-अलग केज की व्यवस्था प्रबंधन ने की हुई है, जिसमें लायन, तेंदुआ, हाइना, टाइगर, भालू के अलावा सर्प, मछली, काकड़, हिरण, सांबर, चिंकारा, चौसिंगा, नीलगाय, गोरला, लोमड़ी, जंगली सुअर, बायसन, दरियाई घोड़ा, रोज पेलिकन, ईमू सहित अन्य पक्षी शामिल हैं। किसी भी चिड़ियाघर में कौन सी प्रजाति के वन्यप्राणियों की संख्या कितनी होनी चाहिए, इसका निर्धारण केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण करता है, जिसका पालन जू प्रबंधन को करना होता है। कानन पेण्डारी जू में कई वन्यप्राणी सरप्लस हैं। जू के अलग-अलग केज में रखे गए वन्यप्राणियों के रखरखाव, उपचार के अतिरिक्त सबसे अधिक खर्च आहार में प्रबंधन को होता है। वन्यप्राणियों को आहार देने के लिए प्रति तीन वर्ष में ठेका किया जाता है, जिसमें शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों के लिए अलग-अलग ठेके होते हैं। कानन पेण्डारी जू में मांसाहारी वन्यप्राणियों में मुख्य रूप से लायन, टाइगर, तेंदुआ, हाइना, भालू शामिल हैं, जो प्रतिमाह 19 लाख रुपए से अधिक का मटन हजम कर लेते हैं। वहीं शाकाहारी वन्यप्राणियों के आहार सब्जी, घास, दूध व अन्य सामान में केवल 8 से 9 लाख रुपए का खर्च कानन प्रबंधन को हो रहा है। कुछ दिन पहले कोनी में मुर्गियों के मरने के बाद बर्ड फ्लू घोषित कर सारे मुर्गी दुकानों को बंद करा दिया गया। इसके कारण कानन पेण्डारी जू के गेट को भी बंद कर दिया गया था। अब तक बर्ड फ्लू बीमारी की रिपोर्ट नहीं आई है, जिसकी वजह से कानन जू प्रबंधन ने भी मांसाहारी वन्यप्राणियों के आहार के लिए बाहर से आने वाली मुर्गियों पर प्रतिबंध लगाकर रखा हुआ है। मुर्गियों के अंदर प्रतिबंध के बाद अब बकरे और मछली के मांस से काम चलाया जा रहा है।



कानन पेण्डारी में दवा का छिड़काव करते कर्मचारी।

#### लाई जाती है जिंदा बकरी

कानन प्रबंधन के अनुसार मांसाहारी वन्यप्राणियों को दिए जाने वाले आहार को जांच करने का आदेश मुख्यालय का रहता है। इस आदेश के तहत मटन में मुर्गा, मछली सहित जिंदा बकरे को कानन जू में लाने के बाद ही काटने का काम होता है, जिसे डाक्टर, जू कीपर और अन्य कर्मचारी चेक करने के बाद ही मांसाहारी वन्यप्राणियों को देते हैं। इसमें प्रतिदिन करीब 180 किलो मटन का आहार मांसाहारी वन्यप्राणियों उबालकर को दिया जाता है।

#### गेट ओपन के बाद सेनेटाइज्ड

जिला प्रशासन की ओर से बर्ड फ्लू का खतरा होने का आदेश जारी किए जाने के बाद कानन पेण्डारी जू प्रबंधन ने भी सैलानियों के लिए गेट को बंद कर दिया था। सात दिन के बाद यानि रविवार 5 अप्रैल से गेट सैलानियों के लिए ओपन कर दिया गया है। वर्तमान में सभी सैलानियों के साथ वन्यप्राणियों के केज में भी सेनेटाइजर से छिड़काव किया जा रहा है, ताकि वन्यप्राणियों को किसी तरह की बीमारी का खतरा न हो सके।

#### मुर्गा-मुर्गी पर प्रतिबंध

अब तक शासन की ओर से नया आदेश जारी नहीं किया गया है, जिसके कारण मुर्गा और मुर्गियों पर कानन जू के अंदर प्रतिबंध लगा हुआ है। मांसाहारी वन्यप्राणियों को मुर्गियों के बजाय बकरे का मांस परोसा जा रहा है। वहीं सभी केज में लगातार सेनेटाइजर का भी छिड़काव हो रहा है।

**-राजेन्द्र सोरी,** अधीक्षक, कानन पेण्डारी जू




बैठक में उपस्थित उद्योगपति।

## जिला उद्योग संघ के शाह पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला उद्योग संघ की वार्षिक चुनावी सभा 5 अप्रैल को उद्योग भवन सीएमडी चौक में आयोजित किया गया । इसमें निर्वाचन अधिकारी हरीश केडिया, विनोद अग्रवाल एवं नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन अरुण अग्रवाल के निर्देशानुसार सभा की कार्यवाही आरम्भ की गई।

- हरीश केडियाऔर विनोद अग्रवाल थे निर्वाचन अधिकारी

संघ के अध्यक्ष सतीश शाह ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यो पर प्रकाश डालते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। महासचिव शरद सक्सेना ने वर्ष भर के कार्यक्रमों की जानकारी दी। वहीं कोषाध्यक्ष राम सुखीजा ने वर्ष भर के आय व्यव का विवरण प्रस्तुत किया। जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पास किया । तत्पश्चात चुनाव की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारियो द्वारा आरम्भ की गई। जिसमे संघ के नए अध्यक्ष के लिए सतीश शाह के नाम का प्रस्ताव आया। जिसे सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से सहमती प्रदान किया। निर्वाचन अधिकारियो ने जिला उद्योग संघ के वर्ष 2026 के लिए सतीश शाह को पुनः अध्यक्ष निर्वाचित किया ।

चुनावी सभा में पूर्व अध्यक्ष अरविन्द गर्ग, सुनील मारदा, अनिल अग्रवाल, चन्द्र कान्त भट्ट , बृजमोहन अग्रवाल, जीतेन्द्र गाँधी, अनिल सलूजा के साथ ही वरिष्ट उपाध्यक्ष एनएस राजू, सुनील सुल्तानिया, शिव कुमार अग्रवाल, मदन लाल बंसल, गिरिराज गुप्ता, दिनेश शर्मा, अमित जयसवाल, स्वप्निल अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, ललित पटेल, किशोर पटेल, निलेश पटेल, धर्मेन्द्र पटेल,नरेश पटेल, प्रवीण पटेल, कांतिभाई पटेल, प्रकाश त्रिवेदी, के.सी.भरद्वाज, चन्द्र शेखर नायक, संतोष गुप्ता, संजय अग्रवाल, पी.पी.भादुरी, कोटेश्वर राव, मुकेश लालचंदानी आदि मौजूद थे।

## गर्मी में बिजली बंद कर मेंटनेस विभाग ने जारी किया शेड्यूल

**बिलासपुर।** गर्मी अपने तेवर दिखा रही है, लेकिन बिजली विभाग बार-बार बंद हो रही बिजली को लेकर एक बार फिर मेंटनेंस कर रहा है। विभाग ने एक हफ्ते का शेड्यूल जारी कर बिजली बंद की सूचना दे दी है। खास बात यह है कि उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए विभाग ने उनके पंजीकृत नंबर पर सूचना भेज रहा है। सूरज की तपिश और उमस भरी गर्मी लोगों को तड़पा रही है, इस दौरान बिजली विभाग भी मेंटनेंस में आमदा है। इस दौरान गर्मी का पारा 40 के आसपास बना हुआ है, लेकिन बिजली विभाग द्वारा सुबह 10 से 3 बजे तक अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली बंद की जाएगी। इस दौरान फीडर और ट्रांसफार्मर मरम्मत के साथ ही पेड़ों की कटिंग, ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने और लाइनों को दुरूस्त करने का काम बिजली विभाग द्वारा किया जाएगा।

- दोनों डिवीजन के जोन कार्यालय के तहत होगा मेंटनेंस

#### आज बंद रहेगी बिजली

शेड्यूल के अनुसार 7 अप्रैल को लिंक रोड और बसंत विहार फीडर के तहत मरम्मत और निर्माण कार्य किया जाएगा। इस दौरान शिव टाकिज चौक, पुराना बसस्टैंड, मन्नू चौक, संगीत विद्यालय, करबला रोड, कश्यप कालोनी, तारबहार रोड, जूना बिलासपुर, जवाली नाला, मछली बाजार, गुरूनानक चौक जगमल चौक,गुजराती समाज भवन, टिकरापारा, रिया पार्टमेंट,राजीव प्लाजा, कश्यप कालोनी, विजयापुरम जैसे इलाकों में बिजली बंद रहेगी।

## 42 गांवों में राजस्व शिविर आज

**बिलासपुर।** राजस्व संबंधी लंबित मामलों के त्वरित और प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से जिले में राजस्व पखवाड़ा मनाया जा रहा है। प्रथम चरण में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक चलने वाले पखवाड़े के तहत प्रशासन द्वारा आमजन और किसानों की राजस्व संबंधी समस्याओं को सीधे उनके गांवों में पहुंचकर हल किया जा रहा है। इसी क्रम में 7 अप्रैल को बिलासपुर तहसील के ग्राम खैरा (ल.), उरतुम एवं कुदूदण्ड में विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जहां मौके पर ही शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

बेलतरा तहसील के ग्राम कोरबी, बसहा में एवं मस्तूरी तहसील के ग्राम मस्तूरी एवं किरारी में भी शिविर लगाया जाएगा। सीपत तहसील अंतर्गत सोंठी, बिटकुला में, पचपेड़ी तहसील के कोकड़ी, जलसो, बोहारडीह में, तखतपुर तहसील के जरौंधा, नगोई, कंचनपुर, विजयपुर में, सकरी तहसील के ग्राम सैदा, पांड, अमेरी, हाफा एवं बिल्हा तहसील के ग्राम केशला, गुमा परसदा, अमेरी अकबरी, दगौरी, करही में शिविर लगाकर राजस्व मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार बोदरी के सारधा, कोटा तहसील के ग्राम पटैता, नेवसा, शिवतराई, सरईपाली में, बेलगहना के टेंगनमाड़ा, छतौना एवं रतनपुर तहसील के ग्राम पुडू, कुम्हड़खोल, लमनाझार, रिंगवार, पीपरपारा, जोगीपुर, छेरकाबांधा एवं खरगहनी में भी राजस्व अधिकारियों द्वारा ग्रामीण किसानों के राजस्व से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है।

**भाजपा कार्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस**

## संघर्ष से बनी भाजपा सबसे बढ़ी राजनैतिक पार्टी: अमर





**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस सोमवार को भाजपा कार्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की दृढ़ इच्छा शक्ति संकल्प और कड़ी मेहनत से हमारी पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। जिला भाजपा कार्यालय में विधायक अमर अग्रवाल ने भाजपा के स्थापना दिवस अवसर पर झंडारोहण किया और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयघोष के नारे लगाए। श्री अग्रवाल ने कहा कि हमारे वरिष्ठ नेताओं के त्याग तपस्या और संघर्ष से आज भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी राष्ट्रीय राजनैतिक पार्टी बन गई है। पार्टी और जनता के बीच जनप्रतिनिध एक सेतु का काम करते है। श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा एक नारेबाजी करने वाली पार्टी नहीं है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश चंहुओर प्रगति कर रहा है और पूरे विश्व में एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में हमारी छवि है। अंतर्राष्ट्रीय स्थिति में हमारा देश एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है। यही वजह है कि लोग इस राष्ट्र की ओर तिरछी नजरों से देखने की हिमाकत नहीं करते। कार्यक्रम के शुरुआत में भाजपा जिलाध्यक्ष शहर दीपक सिंह ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आज विश्व सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है, जिससे हमारे कार्यकर्ताओं में त्याग, तपस्या समर्पण की भावनाएं है। सभी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ करते हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री प्रदीप कौशिक, उपाध्यक्ष अजीत भोगल, महामंत्री सोमेश तिवारी, पूर्व महापौर किशोर राय, सभापति विनोद सोनी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रप्रकाश बाजपेयी, वाणी राव, संतोष कौशिक, दुर्गेश पाण्डेय, स्नेहलता शर्मा, नंदनी, सुधा, वंदना तिवारी,जयश्री चौकसे आदि मौजूद थे।




बैठक में चर्चा करते ननि कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे।

## नगर निगम ने कंसल्टेंट एजेंसी को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कंसल्टेंट एजेंसी मॉस एन वाइड को नोटिस जारी किया है। सोमवार 6 अप्रैल को विकास भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने पीएम आवास योजना के सभी घटकों की समीक्षा की।

- पीएम आवास-बीएलसी घटक की धीमी चाल पर जतई नाराजगी

बैठक में निगम कमिश्नर ने अप्रारंभ आवास के निर्माण को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए है तथा जो हितग्राही निर्माण शुरू कराने में आनाकानी कर रहें उनके आबंटन को निरस्त कर जरूरतमंद लोगों को आबंटित करने के निर्देश दिए है। सर्वे ने सोमवार को बैठक लेकर सफाई,जल,पीएम आवास और निर्माण कार्यों की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी सूरत में खाली प्लाट में कचरा डंप ना हों, सभी जोन क्षेत्रों में खाली प्लाट का सर्वे कर जोन कमिश्नर और स्वास्थ्य विभाग की टीम यह सुनिश्चित करें कि प्लाट में कचरा ना जाए। उन्होंने कहा जो खाली प्लाट में कचरा डालता है या नालियों में कचरा फेंककर जाम करता है उसके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करें। सभी स्वच्छता निरीक्षकों से कहा की घरों और व्यावसायिक संस्थानों से निकलने वाले कचरा डोर टू डोर कलेक्शन वाली गाड़ियों में जाए यह सुनिश्चित करें। जो व्यक्ति कलेक्शन गाड़ी में कचरा नहीं देता है उसे समझाएं। निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने नाला नालियों की सफाई लगातार करने और बड़े नालों की सफाई के लिए रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए है। निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने कहा कि जहां भी पाइपलाइन नालियों के पास से गुजरी है,उसका मानिटरिंग करें लीकेज होने पर तत्काल मरम्मत कराएं। इसके अलावा नालियों के अंदर से गुजरे पाइपलाइन के शिफ्टिंग की कार्य योजना बनाएं। गर्मी को देखते हुए निगम कमिश्नर ने सभी को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं,जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या हमेशा रहती है वहां अतिरिक्त व्यवस्था की गई है।

## खबर संक्षेप



**बिलासपुर।** रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर स्थित खेत में रखे पैरावट में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी।

### मौहाभाठा में संगीतमय रामायण आज

**तखतपुर।** ग्राम मौहाभाठा में संगीतमय रामायण का आयोजन 7 अप्रैल को किया गया है। जिसमें आसपास की मानस मण्डली शामिल होंगी। आयोजन की तैयारी में नीरज पाण्डेय, सुखदेव साहू, सुरेंद्र साहू, पिल्लूराम, संतोष, अशोक, दिलखुश, सुरेश, राजकुमार, जितेश सहित अन्य लगे हुए हैं।

### जरहागांव भाजपा मण्डल अध्यक्ष बने मनीष

**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने अपनी संगठनात्मक विस्तार करते हुए मनीष कोल को जरहागांव भाजपा मण्डल अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर मनीष कोल ने कहा कि पार्टी के द्वारा जो मुझे जवाबदारी दी गई है मैं उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा तथा संगठन को मण्डल स्तर पर मजबूत बनाने के लिए सभी वरिष्ठ लोगों के साथ चर्चा कर काम किया जाएगा।



### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर आज

**लोरमी।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर एवं मेडिकल टीम लोरमी के संयुक्त तत्वावधान में गुरुद्वारा में 7 अप्रैल को सुबह 11 से 3 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में निःशुल्क ब्लड एवं शुगर की जांच की जाएगी। शिविर में रामकृष्ण केयर अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं सर्जन अपनी सेवाएं देंगे।

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

**कटघोरा।** एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक में तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## निधन

### सहोदरा बाई कश्यप

**तखतपुर।** ग्राम बराही निवासी सहोदरा बाई कश्यप 70 वर्ष का 6 अप्रैल को निधन हो गया। वे भरत, शत्रुहन, नरेंद्र की माता थीं। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बराही में किया गया।



### तिजैया बाई सिंगरौल

**तखतपुर।** ग्राम गिरधौना निवासी तिजैया बाई सिंगरौल 60 वर्ष का 6 अप्रैल को निधन हो गया। वे रामविशाल सिंगरौल की पत्नी, भुनेश्वर, दिनेश की मां थीं। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम गिरधौना में किया गया।



## बेलतरा में 14.56 करोड़ की सड़कों का भूमिपूजन

# चुनाव के दौरान किया गया वादा कर रहे पूराः सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 30 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्यों की शुरुआत हो गई है। क्षेत्र में सड़कों की बदहाल स्थिति से परेशान ग्रामीणों ने पूर्व में चुनाव बहिष्कार तक की चेतावनी दी थी, लेकिन अब विधायक सुशांत शुक्ला की पहल पर विकास की नई किरण दिखाई दे रही है।

विधायक श्री शुक्ला द्वारा विभिन्न गांवों में कुल 14 करोड़ 56 लाख 34 हजार रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत शिलापूजन किया गया। लंबे समय से जर्जर और कच्ची सड़कों के कारण आवागमन में हो रही परेशानियों से जूझ रहे ग्रामीणों को अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है। बेलतरा क्षेत्र के कई गांव आज भी पहुंच विहीन रहे हैं, जहां डब्ल्यूबीएम एवं कच्ची सड़कों के कारण विशेषकर बारिश के दिनों में लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इन समस्याओं के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा था। विधायक सुशांत शुक्ला ने बताया कि जब वे चुनाव के दौरान इन गांवों में पहुंचे थे, तब ग्रामीणों की एकमात्र मांग सड़क निर्माण की थी। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया था कि चुनाव जीतने के बाद प्राथमिकता से सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इसी क्रम में भरदैयाडीह-कलमीटार, गोदईया-कलमीटार, भदरापारा-बरभांठा तथा करमा-बरभांठा-सरगाढोड़ी मार्गों के निर्माण हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा गया, जिसे स्वीकृति मिलने के बाद अब कार्य प्रारंभ हो चुका है।



बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में निर्माण कार्य का भूमिपूजन करते विधायक सुशांत शुक्ला।

**ये रहे मौजूद** - इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, विधायक प्रतिनिधि उमेश गौरहा, शंकरदयाल शुक्ला, महामंत्री जनकराम देवांगन, अनुसूइया कश्यप, मंडल अध्यक्ष मनीष कौशिक, मनिदास मानिकपुरी, मोनू रत्नाकर श्रीवास, महामंत्री गंगा साहू, लक्ष्मी सिन्हा, योगेस्वर दुबे, शैलेश गोरख, त्रिदेव रजक कमल पटेल, विधायक प्रतिनिधि मनोज पटेल, सुनील श्रीवास, जिला उपाध्यक्ष शैल भोई, कुंती मेहर, सरपंच बुधेस्वर कश्यप, शिवकुमार यादव, सुरेश कस्यप, दिव्या कोरी, सतानंद, जहूरा मुखीराम, प्रभुराम बिंझवार, नंदकुमार साहू,आरती, जनपद सदस्य विजय कमला साहू, पुष्प दिलहरण साहू, राघवेंद्र गहवाई, उषा अमर सोरठे,श्रीराम नेताम, सुनील कश्यप, संतोष दुबे, अमित मिश्रा, पेशीराम जायसवाल, अंकुर सिंह, अनिल पांडेय, अरुण खरे, संदीप जायसवाल, बलवंत राजपूत, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों में उत्सव जैसा माहौल

सड़क निर्माण कार्यों की शुरुआत से क्षेत्र में खुशी और उत्साह का वातावरण है। बिटकुली (उ), बरभाटा, सरगाढोड़ी एवं करमा , लगरा सहित विभिन्न गांवों के सरपंचों और ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक का ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक करमा नृत्य के साथ अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह दिन उनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं है। इन सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी नई दिशा मिलेगी और आने वाली पीढ़ियों को इसका लाभ मिलेगा। बिटकुली गांव के सरपंच शिव कुमार यादव ने कहा कि वर्षों से सड़क की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब बड़ी राहत मिलेगी, विशेषकर बारिश के मौसम में हालात काफी बेहतर होंगे।



# अमारु बीट में चीतल का शिकार, दो गिरफ्तार

**पेंड्रा।** पेंड्रा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अमारु बीट में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यहां शिकारियों ने वन विभाग की मुस्तैदी को धता बताते हुए एक चीतल (हिरण) का अवैध रूप से शिकार कर डाला।

इस वारदात के बाद पूरे वन महकमे में हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलते ही विभागीय टीम ने फौरन हरकत में आते हुए घेराबंदी की और चार आरोपियों में से दो को रंगे हाथों दबोच लिया, जबकि दो अन्य शिकारी घने जंगल और अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

- अंधेरे का फायदा उठाकर दो आरोपी हो गए फरार

वन विभाग के मुताबिक विभाग को अमारु बीट क्षेत्र में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा वन्यजीव के शिकार किए जाने की सटीक गोपनीय सूचना मिली थी। सूचना की तस्दीक होते ही विभाग की एक विशेष टीम मौके पर पहुंची और इलाके को चारों तरफ से घेर लिया। वन कर्मियों की मौजूदगी भांपते ही शिकारियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए दो आरोपियों को पकड़ लिया। घटनास्थल की बारीकी से जांच करने पर विभाग को चीतल के शिकार से जुड़े कई महत्वपूर्ण साक्ष्य और अवशेष बरामद हुए हैं, जो आरोपियों के

### आरोपियों पर जुर्म

पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं, फरार चल रहे दो अन्य आरोपियों की तलाश में वन विभाग ने जंगल के भीतर सघन सर्च अभियान छेड़ दिया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीवों के साथ क्रूरता और अवैध शिकार के मामलों में कानून बेहद सख्त है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए हर संभव कानूनी प्रयास किए जाएंगे।

### वन्यजीव प्रेमियों में रोष

इस घटना के बाद से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों और वन्यजीव प्रेमियों में रोष है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने अमारु बीट सहित आसपास के संवेदनशील इलाकों में गश्त और निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों से भी अपील की है कि वे जंगलों में होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत विभाग को दें, ताकि बेजुबान वन्यजीवों की रक्षा की जा सके और पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बना रहे। फिलहाल विभाग फरार शिकारियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रहा है।



## वीरांगना झलकारी बाई की पुण्यतिथि पर कोरी समाज ने किया याद

**बेलतरा।** 1857 की क्रांति में अपने अदम्य साहस और बलिदान से अंग्रेजों को कड़ी टक्कर देने वाली दुर्गा दल की सेनापति वीरांगना झलकारी बाई कोरी की पुण्यतिथि पर कोरी समाज के द्वारा सामूहिक रूप से 4 अप्रैल को नूतन चौक बिलासपुर में पुण्यतिथि मनाई गई एवं उन्हें याद किया गया।

डॉ सुमन आर्या ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि उनका निर्भीक संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान देश की मातृ शक्ति के लिए सदैव वंदनी व प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश महिला अध्यक्ष सुमित्रा कोरी डॉक्टर सुमन आर्या, जीएस कोरी, राजेंद्र कुटार, चंद्र प्रकाश कुटार, अवधेश विमल, केजाराम कोरी, कौशल प्रसाद कोरी नकुल राम कोरी, बिसाहू करी निर्मला कोरी उमा कोरी सरोजिनी कोरी आरती कोरी एवं मोहल्ले के बच्चे बुजुर्ग सम्मिलित रहे।

## शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष ध्यान दें युवा

**बेलतरा।** परधान युवा संगठन रतनपुर इकाई 12 गांव का वार्षिक सम्मेलन एवं वन भोज का कार्यक्रम रविवार को खूंटाघाट में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में काफी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में राधेश्याम परगनिहा ने कहा कि युवा अपने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष ध्यान केंद्रित करें और अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करें। बिलासपुर के रविन्द्र जगत ने युवाओं के जोश और संगठन की सराहना करते हुए कहा कि मैं भी आप ही लोगों के बीच का एक सिपाही हूं न कि अतिथि। उन्होंने संगठन स्तर को और बढ़ाने एवं संगठन की एकता को देखकर संगठन में शामिल करने की बात कही।

रतनपुर के सूरज परधान ने कहा कि युवा समाज और राष्ट्र का भविष्य हैं। कोरबा के ओमप्रकाश परधान ने कहा कि युवाओं को अपने धर्म संस्कृति रीति-नीति को जानने और समझने की आवश्यकता है। पवन मरावी ने कहा कि वे युवाओं के साथ हर संभव सहयोग करेंगे। युवा सलाकार प्रताप सिंह नेताम और जनक परधान ने समाज को आगे बढ़ाने और एकरूपता लाने के लिए नई रणनीति कर उस पर कार्य करने की बात कही। युवा संगठन अध्यक्ष ईश्वर परधान ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर संगठन महामंत्री चरण सिंह परधान, प्रताप नेताम, जनक परधान, योगेश परधान,जय परधान, चरण परधान,अशोक परधान, गोविंद परधान, कामेश्वर, अजय परधान, रविशंकर परधान, संतोष परधान,गणेश परधान, हीरा मरावी,संतोष जगत, राजेंद्र कुमार जगत,श्री राम नेताम, धनीराम, अमर प्रताप परधान , शिव परधान, जागृत सिंह श्रवण,टार्जन परधान, विक्की परधान, अजय परधान, कोमल परधान,लक्ष्मी कांत, संजय, सुखदेव, लल्लू,रोशन,किरण मरावी, अभिषेक ,रवि कांत, प्रज्ञात,नंदलाल ,मोहन,रिशु, सहित अन्य मौजूद थे।

## परीक्षा के बाद 8वीं के छात्रों को दी गई विदाई

**लोरमी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रहंगी में आठवीं की परीक्षा के आखिरी दिन विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप मे बोर्ड परीक्षा के केंद्र अध्यक्ष नागेंद्र कुमार कश्यप तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भागवत पात्रे सम्मिलित हुए।

सभी छात्र छात्राओं को समोसा मिक्सचर, मिठाई चॉकलेट खिलाकर विदाई दी गई। केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन के लिए नागेंद्र कुमार कश्यप को विद्यालय परिवार के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अभिजीत तिवारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक झुमुक लाल राजपूत, चंद्रकांत डडसेना, अभिजीत तिवारी, अविदा परवीन, उमाकला मरावी सुनीता टांडिया, गेन्दलाल बुनकर, चन्द्रिका यादव एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



## चिस्दा में स्वच्छता जागरूकता अभियान कार्यक्रम



**मस्तूरी।** विकास खंड अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत चिस्दा में कचरा वाहन रिक्शा वितरण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत साथ में उपस्थित रहे, जिन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने का आव्हान किया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच हरवंश सिह पैकरा, उपसरपंच जय रजक,रहसलाल मधुकर, रमेश पटेल, पंचराम सोनी, नंदसिंह पैकरा ननकी मानिकपुरी, वेदराम पैकरा, बृहस्पति पटेल,संगीता सेन,पिंकी केवट, प्रभा पटेल, राजकुमारी मरावी एवं ग्राम पंचायत चिस्दा के समस्त सक्रिय महिला सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकंडा**
**तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्र./Q / तह. / रा.नि./ सीमा./2025
सरकण्डा, दिनांक 06/04/2026

प्रति, 1. कैलाश साहू पिता कलाराम साहू 2. अनिता सूर्यवंशी 3. संतोषी साहू 4. अन्य हितबद्ध पक्षकार

विषय :- सीमांकन के समय उपस्थित होने की सूचना बावत।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक // तह./रीडर/202 बिलासपुर, दिनांक 24.12.2025

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/ आवेदिका कैलाश पिता कलाराम साहू निवासी बंधवापारा सरकंडा द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम सरकंडा प.ह.न. 32 रा.नि.म. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. 249/52 रकबा 0.0092 वर्गफीट/ हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 10.04.26 को सुबह/ दोपहर/ शाम, समय 11 से 5 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपुर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीप :- विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

आवेदक का मोबाइल नंबर :-8103593259

राजस्व निरीक्षक सरकंडा
तहसील बिलासपुर

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संपदा प्रबंधन**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर**
**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि ATAL VIHAR YOJANA CHILHATI में स्थित EWS Ind संपत्ति क्रमांक-72, SHRI RAMESH SINGH RATHORE पिता/पति S/O SHRI GHASIRAM RATHORE के नाम से आबंटित/नामांत्रित है, आबंटी द्वारा उक्त संपत्ति की सेलडीड / अनुबंध/लीजडीड दिनांक 06/07/2017 पंजीकृत कराने के उपरांत संपत्ति की पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य / नामांतरण आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी SHRI RAMESH SINGH RATHORE पिता/पति S/O SHRI GHASIRAM RATHORE निवासी-EWS Ind-72, MUKAM POST KODWAGODAN, TAH. PANDARIYA, DISTT. KABEERDHAM (C.G.) के द्वारा उक्त संपत्ति को क्रेता (1) Hemlata Pradhan पिता Dev Kumar Pradhan निवासी House No.350, Ward No.17, Krishna Nagar, Belgahna, Bilaspur के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन एवं विक्रय इकरारनामा, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) की मांग की गई है।

अतः उक्त संपत्ति के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**दैनिक समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन करने बाबत**

रा.प्र.क्र. ......ब-121/2025-26
ग्राम लोरमी प.ह.न. 28

एतद द्वारा ग्राम लोरमी प.ह.न. 28 के आम जनता को सूचित किया जाता है कि कि आवेदक / आवेदिका चुन्नी राम पिता/पति घना राम प.ह.न. 28 तह. लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि अपने स्वयं के पिता/माता/दादा पति/पुत्र/पुत्री/भाई बहन सुखम बाई के दिनांक 10/06/2013 के जन्म / मृत्यु होने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह दिनांक 20/04/2026 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**तह. लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**अरपा ग्रीन्स कल्याण समिति**
**क्लब हाउस, अरपा ग्रीन्स कालोनी, सेंदरी, रतनपुर रोड, बिलासपुर (छ.ग.) -495009**

**निविदा सूचना // आमंत्रण**

अरपा ग्रीन्स कॉलोनी सेन्दरी बिलासपुर छत्तीसगढ़ पिन नंबर 495009 में तीन ओव्हर हेड टेंक के माध्यम से कॉलोनीवासियों को शुद्ध जल आपूर्ति किया जा रहा है परंतु पानी टंकी मरम्मत योग्य हो गया है। इच्छुक ठेकेदार जिनको ओव्हर हेड टेंक के निर्माण /मरम्मत का अच्छा अनुभव हो कॉलोनी में कार्यालय समय 10:00 से 6:00 बजे तक आकर तीनों पानी टंकी का अवलोकन कर अपना ब्यौरा सहित टेंडर प्रस्तुत कर सकते हैं।

अवधि :-20/04/2026 तक
समय :- 10:00 से 6:00 बजे के बीच
संपर्क नंबर :- 6266017524

**कार्यालय प्रभारी -विद्यासागर भारद्वाज**
**आदेशानुसार**
**अध्यक्ष - श्री अनिल प्रकाश साहू**
**सचिव - श्री रंजीत सिंह**
**कोषाध्यक्ष - श्री विनोद ओगर**

**न्यायालय :- दीपक कुमार शर्मा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली जिला मुंगेली छ.ग.**

टेकचंद वगैरह ........................वादीगण
बनाम
टीकम वगैरह ..................प्रतिवादीगण

व्यवहार प्र क्र - 1223अ/ 2025
पेशी दिनांक - 12.05.2026
प्रोसेस क्रमांक - 238/26

प्रति,
1. जगकुमार पिता स्व. अंजोरीलाल चंद्राकर, 2. विवेक उर्फ विकास चंद्राकर पिता जगकुमार चंद्राकर, 3. हिमांशु चंद्राकर पिता अशोक चंद्राकर, सभी निवासी ग्राम बुंदेली तहसील व जिला मुंगेली छ.ग.

**समंस/नोटिस**

इस न्यायालय में वादी द्वारा प्रतिवादीगण के विरूद्ध स्वत्व की उद्घोषणा, स्थायी निषेधाज्ञा, विभाजन एवं पृथक कब्जा का वाद प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आपको प्रतिवादी क्रमांक 03, 09, 10 के रूप में संयोजित किया गया है। उक्त प्रकरण के पेशी दिनांक 12.05.2026 को नियत है।

अतः आप प्रतिवादी कमांक 03,09,10 स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जायेगी

यह आज दिनांक - 27/03/26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

**दीपक कुमार शर्मा**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली जिला मुंगेली**

**कार्यालय रा.नि.म. पेण्डारी, तह सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सीमांकन / स्थल निरीक्षण सूचना**

प्रति दिनांक 24/03/2026

सर्वश्री/श्रीमती 1. रीता साहू /मन्नूराम साहू, लमेर 2. शिखा अग्रवाल, बिलासपुर 3. शिरीन जेड़ हुसैनी, पण्डारी 4. संतराम लहरे 5. अन्य हितबद्ध पक्षकार

विषय : सीमांकन / स्थल निरीक्षण में उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार सकरी के ज्ञापन दिनांक 22/03/2026

संदर्भात विषयांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम पेण्डारी प.ह.न. 47. रा.नि. म. पेण्डारी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 793/6 रकबा 0.065 हे. एकड/हेक्टेयर भूमि स्वामी रीना साहू पिता/पति मन्नूराम साहू के द्वारा सीमांकन/स्थल निरीक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन /स्थल निरीक्षण दिनांक 02/04/2026 को लगभग 11.00 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नही होगा। अतः सूचना जानें।

टीप :- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणो से सीमांकन/स्थल निरीक्षण/बटांकन तिथी मे परिवर्तन किया जा सकता है।

प्रतिलिपि :-
1. तहसीलदार / ना. तहसीलदार, सकरी, जिला बिलासपुर को सूचनार्थ। 2. प.ह.न. 47 को सूचनार्थ। 3. थाना प्रभारी, भाना सकरी आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने की कृपा करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.म. पेण्डारी, तह सकरी**

**न्यायालय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस/समंस**

व्य.वा.क. 277 अ/2019,
आदेश दिनांक 24/03/2026
पेशी दिनांक 17/04/2026,
प्रोसेस क्रमांक 11

श्रीकांत मौर्य .........वादी
**विरूद्ध**
श्रीमती प्रतिभा मिश्रा वगै. ........प्रतिवादीगण

प्रति, श्रीमती संतोषी कश्यप, पति रामकिशन कश्यप, उम्र 40 वर्ष, निवासी-बहतराई, थाना-सरकंडा, तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) .....प्रतिवादी

इस न्यायालय मे वादी ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया है जिसका व्य.अ.क्र. 277अ/2019 एवं आगामी पेशी दिनांक 17/04/2026 है।

प्रतिवादी क्र. 03 को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा वाद का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 17/04/2026 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेने अथवा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 17/04/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है तो अगले कार्य दिवस पर कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 30/03/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान बिलासपुर छ.ग.
दिनांक-30/3/2026

**(अंशुल मिंज)**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान नवम जिला न्यायाधीश महोदय बिलासपुर (छ.ग.)**
**समंस**

प्रकरण क्र : 54/2026, आदेश दि. 03/03/2026
पेशी ता. 06/05/2026, प्रोसेस क्रं : 93

रामचंद्र यादव ......अपीलार्थी
**/ विरूद्ध /**
सत्यरंजन जोगी (मृत) + 6 अन्य ....उत्तरवादीगण

प्रति,
दीपिका जोसेफ पति विकास जोसेफ उम्र 50 वर्ष निवासी-जोगी गली जरहाभाठा बिलासपुर (छ.ग.)

इस न्यायालय में अपीलार्थी रामचंद्र यादव के द्वारा न्यायालय श्रीमान नवम जिला न्यायाधीश बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) में अपील प्रस्तुत किया गया है, जिसकी पेशी दिनांक 06/05/2026 को नियत है। आपको इस समंस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 06/05/2026 को प्रातः 11:00 बजे अथवा अपने ऐसी प्लीडर के साथ उपस्थित होवें, जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो, जो अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत वाद का जवाब दे सके, अन्यथा आपकी उपस्थिति में मामले को एक तरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित होता हो, या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो, तो उसके अगले कार्यदिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायलय की मुहर लगाकार जारी किया गया।

दिनांक : 09/03/2026
स्थान : बिलासपुर (छ.ग.)

**(अगम कुमार कश्यप)**
**न्यायालय श्रीमान नवम जिला न्यायाधीश महोदय बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

ग्राम चिल्हाटी प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 162/1, 162/2, 162/11, 162/9, 162/7, 162/8, 211/2, 217, 186/1, 141/1, 141/2 कुल रकबा 11.22 एकड़ जो कि जीवनलाल, भुवनलाल, यवनलाल, लक्ष्मीलाल, रतनलाल वल्द छोटेलाल कुर्रे की पैतृक संपत्ति 6 भाईयों की आपसी सहमति भाईयों के मध्य बंटवारा सहमति के अनुसार दिनांक 06/07/1984 में किया गया है, जिसे वर्तमान में सूरज पिता जीवनलाल एवं रतन पिता छोटेलाल दोनों मिलकर प्रापर्टी डीलर द्वारा बिना परिवार की सहमति से अकेले ही खरीदी-बिक्री किया जा रहा है।

यह कि भुवन लाल कुर्रे का प्रकरण माननीय तहसीलदार महोदय जिला बिलासपुर छ.ग. में प्रकरण लंबित है। अतः आम सूचना के द्वारा सूचना दिया जाता है कि इन सभी खसरा नंबर संबंधित भूमि को क्रय एवं विक्रय न किया जाये। अगर उक्त व्यक्ति द्वारा भूमि क्रय-विक्रय की जाती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी क्रेता-विक्रेता की होगी एवं प्रार्पटी डीलर के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। सो सूचना जाने।

दिनांक- /04/2026 स्थान-बिलासपुर छ.ग.

**भवदीय**
**भुवनलाल कुर्रे पिता स्व. छोटेलाल कुर्रे ग्राम चिल्हाटी पो. मोपका जिला बिलासपुर छ.ग.**
**वास्ते- अधिवक्ता-कुंती सिंह पवार**
**जिला न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 7999309940**

**सार्वजनिक सूचना / PUBLIC NOTICE**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित संपत्ति के संबंध में विक्रय / अनुबंध किया गया है :

छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, मौजा कुदुदण्ड प.ह.न. 34 रा.नि.मं. सरकण्डा अंतर्गत स्थित भूमि, खसरा नं. 1/10, रकबा लगभग 0.23 एकड़ (विवरण अनुसार), जो कि विक्रेता श्री शिवचरण कश्यप, श्री बसंत कश्यप, श्री अशोक कश्यप एवं श्रीमती विद्यावती के नाम दर्ज थी, उक्त भूमि का विक्रय श्री सौरम कश्यप (क्रेता) के पक्ष में कुल राशि 28,75,000/- (अट्ठाईस लाख पचहत्तर हजार रुपये मात्र) में किया गया है।

उक्त विक्रय के संबंध में 1,00,000/- (एक लाख रुपये) अग्रिम राशि एवं 50,000 (पच्चास हज़ार) मेडिकल बिल के रूप में व 50,000 (पच्चास हज़ार) नगद प्राप्त हो चुकी है शेष राशि पंजीयन के समय देय है। विक्रय अनुबंध दिनांक 04.07.2023 को संपन्न हुआ है।

अतः यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अधिकार, दावा, आपत्ति, बंधक, ऋण या अन्य कोई दावा हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर लिखित प्रमाण सहित अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें।

अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा एवं विक्रय प्रक्रिया पूर्ण कर दी जाएगी, जिसके लिए संबंधित व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होगा।

दिनांक : 05/04/2026
स्थान : बिलासपुर (छ.ग.)

**अधिवक्ता**
**प्रभाकर सिंह चंदेल**
**मो. 7400557715**

**:: न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.) ::**
**:: ईश्तहार ::**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26

**पक्षकार:-** राजीव भाटिया पिता स्व.के.एल. भाटिया **... आवेदक**
**बनाम**
अशोक कुमार वर्मा पिता स्व. कृष्णानंद वर्मा... **अनावेदक**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजीव भाटिया पिता स्व. के.एल. भाटिया निवासी मकान नं. 03 भाटिया इंटरप्राईजेस नेहरू चौक बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा शीट नं. 01 प्लाट नं. 14/68(शामिल 16/9) में से रकबा 1671.55 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में अनावेदक अशोक कुमार वर्मा पिता स्व. कृष्णानंद वर्मा के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक के द्वारा अनावेदक से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 02.03.2026 के माध्यम से क्रय कर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनाँक 22/4/2026 को न्यायलयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 6/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

**नजूल आधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**:: न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.) ::**
**:: ईश्तहार ::**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26

**पक्षकार:-** रघुराज सिंह सेंगर पिता स्व. हरनाम सिंह सेंगर **... आवेदक**
**बनाम**
जानकीबाई पति स्व. हरनाम सिंह सेंगर वगैरह **........अनावेदिकागण**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रघुराज सिंह सेंगर पिता स्व. हरनाम सिंह सेंगर निवासी गोड़पारा नदी किनारे आर्य समाज मंदिर के पास बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोड़पारा शीट नं. 47 प्लाट नं. 66/4 रकबा 3052 व.फु. एवं प्लाट नं. 68/2 रकबा 872 व.फु.भूमि स्थित है। उक्त भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में आवेदक एवं अनावेदिकागण जानकीबाई पति स्व. हरनाम सिंह सेंगर वगैरह के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है।

उक्त भूमि को आवेदक के द्वारा पंजीकृत बंटवारानामा दिनांक 27.02.2026 के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनाँक 24/4/2026 को न्यायलयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 6/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

**नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# कालेजों में अब तक बनाए गए 30 नकल प्रकरण, नकल की रोकथाम लिए गठित किए गए दो उड़नदस्ते

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा पुराने पद्धति से आयोजित एनवल एग्जाम के दौरान नकल के 30 प्रकरण बनाए गए हैं। कालेजों में अभी एनवल एग्जाम चल ही रहा है और परीक्षा दौरान नकल की रोकथाम के लिए अटल यूनिवर्सिटी की ओर से दो उड़नदस्ता गठित किए गए हैं।

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा पुराने वार्षिक पद्धति से स्नातक सेकंड व थर्ड ईयर रेगुलर व प्राईवेट एवं स्नातकोत्तर में केवल प्राईवेट वाले विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई है। इस परीक्षा में बीए, बीकाम, बीएससी, बीबीए, बीसीए, सेकंड ईयर एवं थर्ड ईयर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं तथा एमए, एमएससी, एमकाम प्रिवीयस और फाइनल ईयर के सहित बीलिब कक्षाओं के पेपर हो रहे हैं।



इस परीक्षा में लगभग 40 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जिसमें सर्वाधिक 12 हजार 609 बीए फाइनल ईयर, 7 हजार 141 बीएससी, 3 हजार 583 बीकाम के परीक्षार्थी शामिल हैं। यह परीक्षा दो पालियों में सुबह 7 से 10 बजे एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक हो रही है। परीक्षा के लिए 76 कालेजों में सेंटर बनाए गए हैं। परीक्षा के दौरान नकल की रोकथाम के लिए यूनिवर्सिटी ने दो उड़नदस्ता गठित किया है, जिसमें एक उड़नदस्ता बिलासपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के कालेजों और दूसरा उड़नदस्ता यूनिवर्सिटी के क्षेत्राधिकार अंतर्गत कोरबा आदि दूसरे जिलों के कालेजों में परीक्षा के दौरान छापामार कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार और परीक्षा नियंत्रक भी कालेजों का अचानक जांच करने जाते हैं। पिछले दिनों इसी तरह जांच के दौरान लोरमी क्षेत्र के कालेज में मोबाईल फोन के जरिए नकल का मामला पकड़ में आया था। उड़नदस्ता कार्रवाई मिलाकर अभी तक 30 नकल प्रकरण बनाए जा चुके हैं।

### छात्रों के आंदोलन चलते टाईम टेबल में हुआ बदलाव

इस वार्षिक परीक्षा के टाइम टेबल में बदलाव की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं द्वारा लगातार दो दिनों तक यूनिवर्सिटी का घेराव आंदोलन किया गया था। क्योंकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षा तिथियों से कालेजों की परीक्षा प्रभावित हो रही थी। यूनिवर्सिटी आयोजित परीक्षा एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की एक ही तिथियों के कारण छात्र-छात्राओं के समक्ष यह समस्या खड़ी हो गई थी कि वे या तो अपने कालेज की परीक्षाएं दिलाए या फिर सीयूईटी समेत राष्ट्रीय स्तर की अन्य परीक्षाओं में शामिल हों। इसके अलावा परीक्षा दौरान दो पेपरों के बीच अंतराल एक या दो दिन का ही दिया गया था। छात्रों के मांग और आंदोलन के चलते यूनिवर्सिटी ने छात्रहित को ध्यान में रखकर वार्षिक परीक्षा टाईम टेबल संशोधित करते हुए कई पेपरों के बीच अंतराल बढ़ाया है।

### की जा रही है जांच

यूनिवर्सिटी द्वारा वार्षिक पद्धति से आयोजित परीक्षाएं अभी चल रही है। इसमें स्नातक द्वितीय, तृतीय वर्ष के नियमित और प्राईवेट तथा स्नातकोत्तर के प्राईवेट वाले परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा दौरान नकल की रोकथाम के लिए दो उड़नदस्ता यूनिवर्सिटी के ओर से गठित किया गया है और अभी तक 30 नकल प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं।

**-रामेश्वर राठौर**
प्रभारी परीक्षा नियंत्रक, एयू

# स्वास्थ्य दिवस पर लें सेहतमंद रहने का संकल्प

**7 अप्रैल को हर वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की स्थापना दिवस के रूप में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1948 में WHO की स्थापना के उपलक्ष्य में यह दिन वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विषयों पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 की थीम है: स्वास्थ्य के लिए एकजुट-विज्ञान के साथ खड़े रहें। यह थीम हमें यह संदेश देती है कि एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए वैज्ञानिक तथ्यों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वन हेल्थ (One Health) दृष्टिकोण-जिसमें मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़े होते हैं - को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है।**

### स्वास्थ्य का बदलता स्वरूप: एक नई चुनौती

पिछले दशकों में हमने संक्रमणजनित बीमारियों पर काफी हद तक नियंत्रण पाया है। साफ-सफाई, टीकाकरण, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता के कारण इनसे होने वाली मृत्यु दर में कमी आई है।लेकिन अब एक नई चुनौती सामने है -लाइफ स्टाइल डिज़ीज़ आज अनियमित दिनचर्या, असंतुलित आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी और बढ़ते मानसिक तनाव के कारण निम्न बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं:

* उच्च रक्तचाप * हृदय रोग और हार्ट अटैक *मधुमेह *मोटापा *मानसिक तनाव आज विश्व में होने वाली लगभग 70% मौतें जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के कारण होती हैं। इसलिए यह दिवस अब केवल जागरूकता तक सीमित नहीं, बल्कि सक्रिय कदम उठाने का आह्वान बन चुका है।

### 2026 की थीम के मुख्य संदेश

1. विज्ञान के साथ खड़े रहें स्वास्थ्य से जुड़े निर्णय हमेशा वैज्ञानिक प्रमाण, तर्क और शोध पर आधारित होने चाहिए।

2. स्वास्थ्य के लिए एकजुट हों वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान केवल सहयोग से संभव है-सरकार, समाज और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के सामूहिक प्रयास से।

3. वन हेल्थ अप्रोच मानव, पशु और पर्यावरण का स्वास्थ्य आपस में गहराई से जुड़ा हुआ है- एक का प्रभाव दूसरे पर पड़ता है।

### आधुनिक जीवनशैली और स्वास्थ्य जोखिम

आज का जीवन अत्यधिक व्यस्त और तनावपूर्ण हो गया है। लंबे समय तक बैठकर काम करना, प्रसंस्कृत भोजन का अधिक सेवन, और शारीरिक गतिविधि की कमी-ये सभी स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ावा दे रहे हैं।

स्वास्थ्य जागरूकता का अर्थ है: संतुलित आहार अपनाना, नियमित व्यायाम करना, तनाव प्रबंधन करना, समय पर चिकित्सकीय सलाह लेना

### नियमित स्वास्थ्य जांच का महत्व

नियमित हेल्थ चेकअप अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे निम्न बीमारियों का प्रारंभिक अवस्था में पता लगाया जा सकता है: उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, प्रारंभिक मधुमेह

### डिजिटल युग में सावधानी आवश्यक

आज इंटरनेट पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी आसानी से उपलब्ध है, लेकिन सभी जानकारी सही नहीं होती।गलत या अधूरी जानकारी से भ्रम, डर और गलत उपचार की संभावना बढ़ जाती है। लक्षण अक्सर भ्रामक हो सकते हैं, स्वयं निदान खतरनाक हो सकता है, सही निर्णय के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह आवश्यक है

### समाज के लिए संदेश

विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यह याद दिलाता है कि: स्वास्थ्य केवल बीमारी का इलाज नहीं, बल्कि जीवनशैली का परिणाम है।
हर व्यक्ति को वैज्ञानिक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच मिलनी चाहिए।
स्वस्थ समाज के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और जागरूकता आवश्यक है।




श्री विजय वंदना हॉस्पिटल
इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एण्ड रिसर्च सेन्टर
सर्व सुविधायुक्त सुसज्जित मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर
• न्यूरो विभाग
• स्त्री रोग विभाग
• शिशु रोग विशेषज्ञ
• आर्थोपेडिक विशेषज्ञ
• यूरोलॉजिस्ट रोग विशेषज्ञ
• लेप्रोस्कोपिक व सर्जरी विभाग
24/7 Emergency Services
24 घंटे एंबुलेंस सुविधा
अब आयुष्मान कार्ड द्वारा इलाज और ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
9329732439, 8602670119
श्रीवास भवन के पास, मिनोचा कॉलोनी, न्यू स्मार्ट रोड, बिलासपुर

श्री कृष्ण हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का मल्टी एण्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
✓ प्रसूति गृह एवं स्त्री रोग विभाग
✓ एक्सीडेंटल केयर युनिट
✓ एडवांस डायलिसिस की सुविधा
✓ एडवांस ऑपरेशन थियेटर
✓ जनरल फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर
✓ किडनी एवं मूत्र रोग विभाग
✓ छाती, दमा श्वांस एवं टी.बी. रोग विभाग
24/7 एम्बुलेंस सुविधा
प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत और डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना के द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
07752-270009, 7898759700

गजानन स्मृति चिकित्सालय
आर्थ्रोस्कोपी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर
उपलब्ध सुविधाएं :-
• जोड़ प्रत्यारोपण
• कंधे और घुटने के लिगामेंट की दूरबीन तकनीक से सर्जरी
• हड्डी एवं जोड़ के जटिल ऑपरेशन
• फ्रैक्चर एवं ऐक्सिडेंट का उपचार
डॉ. अभिषेक घाटगे
DNB (ऑर्थो), फैलो ज्वाइंट रिप्लेसमेंट (जर्मनी)
फैलो आर्थ्रोस्कोपी (ईटली)
आयुष्मान भारत योजना से फ्री ईलाज की सुविधा उपलब्ध
पता-बलराम टॉकीज के पास, नेहरु नगर, बिलासपुर
फोन : 7247000111, 07752-409220

प्रदेश का एकमात्र श्वास एवं छाती रोग अस्पताल...
WASUDEO CLINIC
वासुदेव क्लीनिक
हर सांस का ख्याल रखते है हम आपका...
Oscillator मशीन के द्वारा सांस और पोस्ट कोविड से होने वाली समस्याएं, फेफड़ों में होने वाली कमजोरी का पता लगाने की अत्याधुनिक सुविधा
टीबी (क्षयरोग) के मरीजों के लिए विशेष ईलाज की सुविधा
कंसलटेन्ट :-एलर्जी, श्वास, दमा, टी.बी. मेडीसिन तथा निद्रा रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश देवरस
एम.बी.बी.एस., डी.टी.सी.डी. डी.एन.बी., एफ.सी.जी.पी.
जॉच उपलब्ध
✦ दूरबीन द्वारा फेफड़े की जॉज, ब्राकोस्कोपी ✦ ई.सी.जी. ✦ ऑक्सीजन थैरेपी
✦ पाली सोनोग्राफी-स्लीप स्टडी ✦ एलर्जी टेस्टीग ✦ कम्प्यूटराईज्ड पी.एफ.टी.
उपलब्ध सुविधाएं
24X7 घंटे भर्ती सुविधा
(प्राईवेट रूम, वीआईपी रूम)
अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर
गहन चिकित्सा इकाई (MICU) अत्याधुनिक
नान इनवेसिव वेन्टीलेशन (Bubble Cpap मशीन द्वारा)
कृत्रिम श्वसन यंत्र (Ventilator)
शिशु रोग व सॉस से संबंधित बीमारी का ईलाज
फेफड़े में पानी तथा मावद का ईलाज
समुचित दमा एवं एलर्जी नियंत्रण
छाती दर्द की जॉच व निदान
टी.बी. का व्यापक ईलाज
पल्मोनरी रिहब्लीटेशन प्रोग्राम
खर्राटे तथा नींद संबंधी बिमारियों की जांच व निदान
एक्स-रे विसंगतिया व निदान
एक्स-रे एण्ड फार्मसी
मिलने का समय : सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक, शाम 4 से रात 8 बजे तक
कोन्हेर गार्डन के पास, मेन रोड, तिलक नगर, बिलासपुर
अपाइंटमेंट के संपर्क करें: 07752-424400, 7724085544

स्व. कार्तिकराम साव स्मृति
Late. K.R.Sao Memorial Hospital
सर्जिकल, लेप्रोस्कोपी, इण्डोस्कोपी एवं डेंटल हॉस्पिटल
डॉ. के.के. साव
डॉ. दिवाकर साव
डॉ. दिव्या साव
उपलब्ध सुविधाएं:
सर्जरी: सभी सामान्य ऑपरेशन, पेट, लीवर गुर्दा, पथरी, थायराइड, हार्निया एवं हाइड्रोसिल आदि के ऑपरेशन की सुविधा,
लेप्रोस्कोपी: लेप्रोस्कोपिक (दूरबीन) विधि द्वारा पित्ताशय, अपेंडिक्स, हार्निया, मोटापे की सर्जरी, बच्चेदानी, ओव्हेरियन सिस्ट, नसबंदी ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डेंटल (दंत चिकित्सा): आधुनिक मशीनों द्वारा सभी प्रकार के दंत रोगों का ईलाज एवं हीस्टोपैथोलॉजी जांच उपलब्ध की सुविधा,
अन्य विशेष सुविधाएं: सोनोग्राफी, डायलिसिस, एक्स-रे, पैथोलॉजी जांच की सुविधा
24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा
डेंटल इम्प्लांट की सुविधा उपलब्ध
लेजर द्वारा बवासीर, फीशर, फिस्टुला का ऑपरेशन
पता : सीपत चौक, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9303732521, 9827165979

आपकी सेहत, हमारी ज़िम्मेदारी
आइए मिलकर एक स्वस्थ दुनिया की ओर बढ़े
विश्व स्वास्थ्य दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!
LIFE CARE
Shree Govind Institute of Life Care Hospital
(100 Bedded ISO Certified Multi Super Speciality Hospital)
NABH
गुरुनानक चौक, तोरवा, बिलासपुर | 8349052250 07752-448601/02/03

ISO 9001 : 2015 ®
न्यू वंदना हॉस्पिटल
नेचर सिटी गेट, मुंगेली रोड, उस्लापुर, बिलासपुर फोन नं. 07752-426003
डॉ. चंद्रशेखर उइके
डायरेक्टर
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसीन), पी.जी.सी.डी.एम., सी.सी.ई.बी.डी.एम., सीनियर कन्सल्टिंग फिजिशियन
उपलब्ध सुविधाएं
• 24 घंटे क्रिटीकल केयर एवं गहन कार्डियक ICU
• डायलिसिस व वेंटिलेटर ECHO/TMT/ECG
• हृदय रोग, डायबिटीज, किडनी का ईलाज
• ब्रेन व स्पाईन सर्जरी
• डिजीटल एक्स-रे एवं C-Arm उपलब्ध
• Accident के मरीज का ईलाज
• जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• नार्मल डिलीवरी व सिजिरियन ऑपरेशन
• बिना टांके का बच्चेदानी का ऑपरेशन
• 24/7 इमरजेंसी, पैथोलॉजी, दवाई दुकान
• Ambulance सुविधा उपलब्ध
Google Map
आयुष्मान कार्ड द्वारा ईलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
इमरजेंसी नंबर : 7089501234, 7000340967, 9993850476

**खबर संक्षेप**

## वन विभाग के गार्ड पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** गाली देने से मना करने पर दो युवकों ने वन विभाग के गार्ड से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, मैट्रिक चौक निवासी कन्हैया दिवाकर पिता उमेंद दास दिवाकर वन विभाग में गार्ड हैं। 4 अप्रैल को रात 11.30 बजे वे घर के पास बैठे थे। इसी दौरान ओम लहरे, अन्नु बंजारे आए और उनके साथ गाली गलौज करने लगे। उन्होंने गाली देने से मना किया तो युवकों ने उनके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके सीने, दोनो गाल, माथा में चोट आई है। पुलिस ने श्री दिवाकर की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5,351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

## उपद्रव मचा रहे नशेड़ियों ने इंजीनियर को पीटा

**बिलासपुर।** शराब के नशे में मुख्य मार्ग में उपद्रव मचा रहे नशेड़ियों ने



बाइक सवार इंजीनियर को रोककर जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, चिल्हाटी सिटी कालोनी निवासी सागर सिंह पिता सतीश सिंह आईटी इंजीनियर हैं। 5 अप्रैल को रात 9.50 बजे वे अपने बाइक से शनिचरी से बस स्टैण्ड जा रहे थे। तेलीपारा रोड संतोष किराना स्टोर के पास बीच सड़क में 3 से 4 युवक शराब के नशे में उपद्रव मचा रहे थे। वे किनारे से निकल रहे थे। इसी दौरान नशेड़ियों ने उनकी बाइक रोक लिया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की, जिससे उनके सिर व चेहरे में चोट आई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात 3 से 4 युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 126, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## स्टील प्लांट में ब्लास्ट से घायल आपरेटर की मौत

**बिलासपुर।** स्टील प्लांट में ब्लास्ट से घायल आपरेटर की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, 28 मार्च को घुटकू स्थित फील स्टील प्लांट में काम करने के दौरान अचानक ब्लास्ट होने से क्रेन आपरेटर बिहार सिवान महाराजगंज निवासी आशुतोष कुमार पटेल पिता मगनी पटेल 26 साल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए क्योर एण्ड क्योर हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को इलाज के दौरान सुबह 11.25 बजे उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कर शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बिलासपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया कि लोकबंध निवासी अजय रात्रे 40 साल सोमवार 6 अप्रैल की शाम पौन 7 बजे लोरमी रोड की ओर से कोटा की ओर आ रहे थे। लमकेना के पास अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मारकर भाग गया। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**लंबे समय से हो रहा था इंतजार**

**सर्वेक्षण के बाद आगे बढ़ेगी निर्माण की प्रक्रिया**

# उसलापुर में एक और आरओबी का निर्माण, जल्द साफ होगा निर्माण का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर के संकरे रेलवे ओवरब्रिज से हलाकान शहरवासियों को अब जल्द ही राहत मिल सकेगी। शासन द्वारा वर्तमान में उसलापुर आरओबी के ठीक बाजू से एक और पुल बनाने के प्रस्ताव को मुख्य बजट में शामिल कर लिया गया है। अब इसका विस्तृत सर्वे कर निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकेगी।

उसलापुर फाटक पर रेल ओवरब्रिज बनने के बाद सुकून का अनुभव करने वाले शहरवासियों को इस सड़क के चौड़ीकरण कर दिए जाने के बाद ज्यादा दिक्कत होने लगी है। सड़क तो बेहद चौड़ी हो गई, लेकिन पुल पहुंचते-पहुंचते यह 80 फीट चौड़ी सड़क



एकाएक बीस फीट चौड़ाई में सिमट जा रही है, इस संकरे ओवरब्रिज पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। आए दिन होने वाले ट्रैफिक जाम से भी लोग हलाकान रहते हैं। लोक निर्माण विभाग के सेतु डिवीजन के अनुसार उसलापुर फाटक के ऊपर वर्तमान पुल के ठीक बाजू से एक और पुल बनाने संबंधी शहर की बहुप्रतीक्षित मांग पर शासन द्वारा मुहर लगा दी गई है। पुल निर्माण के संबंध में शासन को भेजे गए प्रस्ताव को इस साल के मुख्य बजट में शामिल कर लिया गया है।

मुख्य बजट में शामिल होते ही अब इसके लिए विस्तृत सर्वे कराते हुए डीपीआर तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त की जाएगी। इस मार्ग के चौड़ीकरण होने के दौरान ही शहरवासियों को उसलापुर फाटक के ऊपर एक और पुल की जरूरत महसूस होने लगी थी, ताकि जाने व आने वालों के लिए एक-एक पुल आरक्षित रहे, ताकि मार्ग में सुरक्षित आवागमन किया जा सके।

### हर रोज हो रही दुर्घटनाएं

मंगला चौक से उसलापुर के बीच अतिक्रमण हटाकर सड़क काफी चौड़ी तो की जा चुकी है, लेकिन उसलापुर पुल पहुंचते-पहुंचते यह काफी संकरी भी हो जाती है। ऐसे में आवागमन करने वालों को परेशानी उठानी पड़ती है। पुल की ओर जाने एवं आने वालों के लिए यहां ट्रैफिक स्टॉपर लगाए गए हैं, ताकि उनकी गति कम की जा सके व सड़क की दोनों ही दिशाओं में आवागमन करने वालों को पुल से सड़क तक सुरक्षित उतारा जा सके। ट्रैफिक स्टॉपर लगाने के बाद भी आवागमन के दौरान इस मार्ग में लगभग हर रोज दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। उसलापुर रेल्वे स्टेशन का रास्ता भी इसी मार्ग से होकर गुजरता है, जिससे स्टेशन जाने वालों को भी काफी मशक्कत के बाद पुल के बाजू एवं नीचे से जगह मिल पाती है।

### किया जाएगा सर्वे

शासन द्वारा उसलापुर फाटक पर बनाए गए पुल के बराबर से एक और पुल बनाने के प्रस्ताव को मुख्य बजट में शामिल कर लिया गया है। अब इसका विस्तृत सर्वेक्षण किया जाएगा, जिसके बाद उच्च स्तर पर स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

**-संजय कुमार दिवाकर,** एसडीओ सेतु डिवीजन

**सिरगिट्टी व अन्य क्षेत्रों में हुई कार्रवाई**

# क्रिकेट सट्टा खिलाते 5 सटोरिए गिरफ्तार खाईवाल के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने कार व स्कूटी में घूमकर मोबाइल के माध्यम से आनलाइन आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिलाते हुए 5 सटोरियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 6 लाख रुपए नकद, कार, मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार को सूचना मिली रायपुर की ओर से कार से मोटी नकद रकम लाई जा रही है। वे एसीसीयू प्रभारी तोप सिंह नवरंग, सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट व बल के साथ गुम्बर पेट्रोल पंप चौक के पास तैनात हो गए। इसी दौरान रायपुर की ओर से आ रही सफेद रंग की क्रेटा कार क्रमांक सीजी 10 बीडी, 8888 को रोका गया। गाड़ी में तीन लोग सवार थे। तीनों को बाहर निकालकर कार की तलाशी लेने पर 5 लाख 1 हजार 300 रुपए नकद मिला। तीनों के मोबाइल चेक करने पर पाया गया कि वे कार में घूमकर जगह बदल बदलकर आनलाइन आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिला रहे थे। पकड़े गए युवकों में रामेश्वर गुप्ता उर्फ दउवा पिता स्व. कृष्ण कुमार 40 साल बाजारपारा गनियारी कोटा, दीपचंद सोनकर उर्फ चिंटू पिता सूरज सोनकर 32 साल देवरीखुर्द चन्द्रशेखर आजाद चौक, सीताराम साहू पिता कीर्ति राम साहू 36 साल नजरलालपारा सिरगिट्टी निवासी है। पूछताछ में सटोरियों ने खाईवाल नितिन हरजपाल के लिए सट्टा खिलाना स्वीकार किया है। पुलिस खाईवाल को नहीं पकड़ पाई है। पुलिस ने उनके कब्जे से 5 लाख 1 हजार 300 रुपए नकद, 4 मोबाइल, क्रेटा कार जब्त किया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 7, 2, 112 के तहत फरार खाईवाल व सटोरियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



सटोरियो से जब्त रुपए और मोबाइल।



पुलिस गिरफ्त में सटोरिए।

### मोबाइल से क्रिकेट सट्टा खिलाते 2 गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली जूना बिलासपुर में दो युवकों के द्वारा मोबाइल के माध्यम से आनलाइन आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिलाया जा रहा है। एएसआई विजय राठौर ने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर मोबाइल से सट्टा खिलाते दीपक भक्तानी पिता मेवल दास भक्तानी 36 साल जूना बिलासपुर, विशाल पिता राजेश 30 साल तोरवा नाका निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 1 लाख 10 हजार रुपए नकद, स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीएल 2191, मोबाइल जब्त किया गया है।

### कानन पेंडारी में जुआ खेलते 6 गिरफ्तार

सकरी टीआई विजय चौधरी को सूचना मिली कि कानन पेंडारी के जंगल में बड़ी संख्या में जुआरी एकत्रित होकर जुआ में मोटी रकम लगा रहे हैं। उन्होंने स्टाफ के साथ टीम बनाकर जंगल में दबिश देकर जुआ खेलते अमन मनवानी पिता कालीदास मनवानी 32 साल सागरदीप कालोनी, आकास मवानी, रोहित लोनवानी पिता जितेन्द्र कुमार लोनवानी 25 साल बाम्बे आवास बिलासाताल कोनी, कमल राजपूत पिता रामानुज राजपूत 22 साल विदयानगर शिवनगर, लक्की जग्गा पिता रामचंद्र जग्गा 25 साल आर्शीवाद वैली रामलाईफ सकरी, जयप्रकाश साहू पिता हरिराम साहू 28 साल देवनंदननगर सरकण्डा निवासी को पकड़ लिया। वहीं अन्य जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। जुआरियों के पास से 35 हजार रुपए नकद, एक बुलेट, व एक्टीवा जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

# पटवारी को हटवाने की मांग को लेकर विधायक पहुंचे कलेक्टोरेट



**बिलासपुर।** आमागोहन पटवारी द्वारा विगत 6 महीने से क्षेत्र के ग्रामीणों से फौती-नामांतरण, सीमांकन एवं जाति निवास जैसी छोटी चीजों के लिए भी पैसे की मांग कर मानसिक रूप से परेशान करने की कलेक्टर से शिकायत की गई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के साथ कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया व पटवारी को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की।

- ऊंची पहुंच का रौब दिखाकर पटवारी पर मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप

कोटा क्षेत्र के ग्राम आमागोहन मोहली एवं तुलुफ में पटवारी अंकित स्वर्णकार पदस्थ है। पटवारी के खिलाफ शिकायत करने ग्रामीण सोमवार को कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के निवास पहुंचे, फिर विधायक के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पटवारी के विरूध्द शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि पटवारी पिछले 6 माह से लगातार मनमानी कर किसानों से दुर्व्यवहार करते हुए आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। इतना ही नहीं, बल्कि फौती नामांतरण बटवारा सीमांकन जाति निवास सहित प्रत्येक कार्य के लिये पैसे की मांग की जाती है। पटवारी द्वारा धान के गिरदावरी व भौतिक सत्यापन के नाम पर भी किसानों से राशि की मांग की गई थी। इस दौरान किसानों द्वारा राशि नही देने पर 150 किसानों का धान का रकबा विलोपित, कम व त्रुटि कर धान बिक्री करने से वंचित कर दिया गया था। ग्रामीणों ने तहसीलदार एवं एसडीएम से अनेक बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नही होने की बात कही। आमागोहन के ग्रामीण राजेन्द्र गुप्ता ने पिता के नाम पर 6 एकड़ भूमि में 1954 से काबिज होने लेकिन पटवारी द्वारा जानबूझकर भूमि को शासकीय मद में दर्ज करने का आरोप लगाया है। इसी तरह ग्राम तुलूफ की राजकुवंर ने 4 पीढ़ियों से काबिज भूमि का पट्टा बनाने के नाम पर राशि की मांग करने एवं नहीं देने पर मकान को तोड़ने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

इस पूरे मामले में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने पटवारी के द्वारा क्षेत्रवासियों पर की जा रही प्रताड़ना एवं गलत कार्यो की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने का मांग की गई है।

# पुलिस की तर्ज पर वाकी टाकी के माध्यम से बड़े पैमाने पर गांजा की तस्करी, एक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस की तर्ज पर हाईटेक के स्टाइल में गांजा तस्कर वाकी टाकी के माध्यम से जिले में गांजा की तस्करी की जा रही है। पुलिस ने गांजा तस्करों की पायलेटिंग करते आ रहे कार सवार युवक को पकड़ लिया है। उनके पास से 3 किलो 329 ग्राम गांजा, 2 वाकी टाकी व कार जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

- 3 किलो 329 ग्राम गांजा व कार जब्त
- समय पूर्व में सूचना मिलने पर बड़े तस्कर भाग निकले

रतनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस अंशिका जैन को सूचना मिली पेंड्रा रोड की ओर कार में बड़े पैमाने पर गांजा बिक्री करने के लिए ले जाया जा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ ग्राम घासीपुर के पास घेराबंदी की। इसी दौरान पेंड्रा की ओर से आ रही नीले रंग की कार सवार को रोका गया। कार की तलाशी लेने पर 3 किलो 329 ग्राम गांजा, 2 वाकी टाकी, मोबाइल मिला। पुलिस ने कार सवार तस्कर सौरभ मिश्रा पिता स्व. अनिल मिश्रा 26 साल ग्राम धनगंवा गौरेला निवासी को पकड़ लिया। बताया जाता है। पकड़ा गया आरोपी बड़े गांजा तस्करों की पायलेटिंग करते हुए आ रहा था। उसके द्वारा वाकी टाकी के माध्यम से पुलिस नाकाबंदी की सूचना पर बड़े गांजा तस्कर रास्ता बदलकर भाग गए। पुलिस ने 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त कार।

### 3 किलो मीटर का दायरा

तत्काल सूचना अदान प्रदान करने के लिए पुलिस वाकी टाकी का उपयोग करते हैं। उसी तर्ज पर गांजा तस्कर वाकी टाकी का उपयोग कर रहे हैं। बड़े पैमाने पर गांजा की तस्करी करने वाले तस्कर अपनी गाड़ी के आगे पायलेटिंग करने अपने सहयोगियों को भेजते हैं और उनके द्वारा वाकी टाकी के माध्यम से पुलिस गतिविधियों की जानकारी दी जाती है। वाकी टाकी का रेंज 3 किलो मीटर दूर का दायरा रहता है।

## डांट लगाने पर 11 साल के बच्चे ने फांसी लगाई

**बिलासपुर।** नदी में नहाने से जाने पर घरवालों ने डांटा तो 11 साल के बच्चे ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया कि कुकुरदीकला निवासी गौकरण केंवट का बेटा शुभम केंवट कक्षा पांचवीं का छात्र था। सोमवार को वह नहाने के लिए नदी गया था। नहाकर घर आया और कुछ देर बाद फिर से नदी में नहाने जा रहा था। जिससे घरवालों ने डांट दिया। उसके बाद भी वह नहाने जाने के लिए निकल गया। उसके बाद आधे रास्ते से घर लौट गया और म्यार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घरवालों ने उसकी फांसी पर लटकी लाश देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# हाइवा ने बाइक सवार को लिया चपेट में, बाल-बाल बचा व्यक्ति

**बिलासपुर।** बेकाबू हाइवा चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में ले लिया। बाइक चक्के के नीचे आने से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं दूर फेंका जाने पर व्यक्ति बाल- बाल बच गया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार बाइक सवार एक व्यक्ति राजकिशोरनगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे बेकाबू हाइवा क्रमांक सीजी 10 एई, 4713 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार व्यक्ति दूर फेंका गया और उसकी बाइक चक्के के नीचे आने से



क्षतिग्रस्त हो गई है। दूर फेंका जाने से व्यक्ति बाल-बाल बच गया नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति ने हादसे की रिपोर्ट थाने में नहीं लिखाई है।

## चार लोगों पर टंगिया से हमला, सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** शादी के बाद एक ही परिवार के चार लोगों पर पड़ोसियों ने मारपीट कर टंगिया, हंसिया से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

सकरी क्षेत्र के ग्राम पेण्डारी निवासी आरती बघेल पति परमानंद बघेल ने बताया। उनके घर में देवर के बेटे की शादी थी। रविवार को शादी की पार्टी थी, सोमवार को घरवाले आराम कर रहे थे। शाम को उनके पति परमानंद बघेल, हंसराज, जितेन्द्र, उषा बघेल के साथ पड़ोसियों ने विवाद कर जमकर मारपीट करते हुए टंगिया, हंसिया से हमला कर दिया है। आवाज सुनकर वे घर से बाहर निकलीं तो चारों खूने से लथपथ बेहोश पड़े हुए थे। आनन फानन में चारों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

## सुगम पुलियाओं से किया जाएगा पटरी पार

**बिलासपुर।** रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं को अब रेलवे मिशन मोड में रोकेगा। सुविधाजनक पुलियाएं बनाकर इसे सुनिश्चित किया जाएगा। इसके उपरांत पटरी के आरपार सुगम पुलियाओं का निर्माण कार्य केवल 12 घंटे में होगा, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।




# महिला से अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग, 20 लाख की वसूली, रागी पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कीर्तन सिखाने वाला महिला की अश्लील फोटो बनाकर उसे सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग करने लगा और 20 लाख रुपए की वसूली कर ली। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रागी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली एक महिला घर के पास धन गुरूनानक दरबार गुरूद्वारा में परिवार सहित पूजा कीर्तन के लिए जाती थी। गुरूद्वारा के मनिन्दर सिंह खालसा कीर्तन करता था और वहां का रागी था। उससे महिला व उनके घरवालों की जान पहचान हो गई थी। वह महिला को कीर्तन करना सिखाया करता था। पहले रागी ने उनसे उधार के रूप में छोटी रकम लेता था। बाद में बदनाम करने की धमकी देकर व एआई के माध्यम से अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर बड़ी बड़ी रकम वसूली करने लगा। उनके पति व दोनों बेटियों की अश्लील फोटो वायरल करने व तलवार से सभी को काट देने धमकी देकर रकम वसूल करता रहा है। महिला के द्वारा शिकायत करने पर गुरूद्वारा कमेटी के द्वारा उसे नौकरी से हटा दिया गया तो वह मूल निवास गुरूनानक नगर सुलतान मिन्ड रोड कटरा सलग्राम अमृतसर पंजाब से भी डरा धमकाकर जान से मारने की धमकी देकर वसूली करने लगा। महिला से रागी ने ब्लैकमेलिंग कर 20 लाख रुपए की वसूली कर ली। वहीं उनको 10 से 20 करोड़ रुपए वसूली करने की धमकी देता था। ब्लैकमेलिंग से त्रस्त होकर महिला ने घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रागी के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 2, 351, 2, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

